राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर !

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 62
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शनिवार 31 जनवरी 2026
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 युवराज मौत मामला : बिल्डर और उसके साथी को जमानत
पेज 4 20 करोड़ की साइबर ठगी
पेज 6 डिकॉक के शतक से दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी20 में वेस्टइंडीज

## संक्षिप्त खबरें

### बच्चों के कामयाब नहीं होने पर दिल्ली में दंपती ने फांसी लगाकर दी जान

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर इलाके में दंपती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों के शव अलग-अलग कमरों में फंदे से लटके मिले। मौके से एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें बच्चों के कामयाब न होने की वजह से ऐसा कदम उठाने की बात लिखी थी। पुलिस मामला दर्ज कर परिजन से पूछताछ कर रही है। डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि गुरुवार रात 12: 05 बजे इस बारे में पीसीआर कॉल मिली। मौके पर पहुंचने पर पुलिस को पति-पत्नी के शव अलग-अलग कमरों में फंदे से लटके मिले। मृतकों की पहचान अजय दीक्षित (50) और उनकी पत्नी रीता कुमारी (48) के रूप में हुई।

### पश्चिम बंगाल के नए डीजीपी बने पीयूष पांडे, कोलकाता पुलिस के कमिश्नर बने सुप्रतिम सरकार

पश्चिम बंगाल में पुलिस के डिपार्टमेंट में गुरुवार को बड़ा बदलाव किया गया। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पीयूष पांडे को राज्य का नया डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस नियुक्त किया गया है। वहीं, दक्षिण बंगाल के एडीजी रहे सुप्रतिम सरकार को कोलकाता पुलिस का नया आयुक्त बनाया गया है। सूत्रों के मुताबिक वर्तमान डीजीपी राजीव कुमार शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनके रिटायरमेंट के मद्देनज़र यह अहम प्रशासनिक फेरबदल किया गया है।

# क्रैश हुई चांदी, 1.06 लाख गिरकर 2.93 लाख पर आई

## सोना 20 हजार रुपए सस्ता, 1.49 लाख रुपए पर आया; वजह मुनाफा वसूली



नई दिल्ली। गोल्ड और सिल्वर मार्केट में 30 जनवरी (शुक्रवार) को गिरावट देखने को मिली। कारोबार खत्म होने तक (रात 11: 55 बजे) प्रॉफिट बुकिंग के कारण एमसीएक्स पर चांदी 1,06,092 रुपए (26.53 प्रतिशत) गिर गई। 1 किलो चांदी का भाव 2,93,801 रुपए पर आ गया। बीते कारोबारी सत्र में चांदी का भाव 3,99,893 रुपए पहुंच गया था।

एमसीएक्स पर सोने में भी 20,323 रुपए (12 प्रतिशत) की गिरावट रही। 10 ग्राम सोना 1,49,080 रुपए पर आ गया। बीते कारोबारी सेशन में सोना 1,69,403 रुपए पर था। इसके अलावा सोने और चांदी के ईटीएफ में शुक्रवार को 23 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई।

वहीं सर्राफा बाजार में शुक्रवार को चांदी 40,638 रुपए और सोना 9,545 रुपए सस्ता हुआ है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी की कीमत 3,39,350 रुपए किलो पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,65,795 रुपए पर आ गया है।

### सोना खरीदते समय इन 2 बातों का रखें ध्यान

**1. सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें :** हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है- AZ4524। हॉलमार्किंग से पता चलता है कि सोना कितने कैरेट का है।

**2. कीमत क्रॉस चेक करें :** सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

### 'एमजीएनरेगा बचाओ संग्राम'




कांग्रेस नेता जयराम रमेश, अजय माकन, पवन खेड़ा और अन्य नेता नई दिल्ली में 'एमजीएनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत आयोजित विरोध रैली में भाग लिया।

# अजित पवार की पत्नी महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम बनेंगी

**आज शाम 5 बजे शपथ संभव; एनसीपी नेता फडणवीस से मिले, अजित के विभाग मांगे**



**मुंबई/पुणे।** अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम होंगी। सूत्रों के मुताबिक शनिवार को एनसीपी के विधायक दल की बैठक के बाद इसका ऐलान किया जाएगा। आज शाम 5 बजे शपथ ले सकती हैं। अजित की प्लेन क्रैश में मौत के बाद उपमुख्यमंत्री पद खाली हो गया है। अजित के पास वित्त, आबकारी और खेल विभाग के साथ-साथ डिप्टी चीफ मिनिस्टर का पद भी था। सूत्रों के मुताबिक वित्त मंत्रालय सीएम फडणवीस के पास रह सकता है। यह भी दावा भी किया जा रहा है कि अजित पवार एनसीपी के दोनों गुट के जिस मर्जर पर बातचीत कर रहे थे, उस पर आखिरी फैसला शरद पवार लेंगे।

### आज दोपहर में बैठक, शाम को शपथ

एनसीपी विधायक दल-विधान परिषद सदस्यों की दोपहर 2 बजे मुंबई में बैठक होगी।
बैठक के बाद दोपहर सुनेत्रा पवार के नाम का ऐलान किया जाएगा।
सुनेत्रा पवार शाम 5 बजे डिप्टी सीएम की शपथ ले सकती हैं।

### अब कर्नाटक के बस अड्डों पर नहीं दिखेंगे तंबाकू के विज्ञापन, राज्य सरकार ने लगाया बैन

**नई दिल्ली।** कर्नाटक सरकार ने राज्य की बसों और बस अड्डों पर तंबाकू उत्पादों के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सभी विज्ञापनों पर बैन लगा दिया है। परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने राज्य की चारों परिवहन निगमों को यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी), बेंगलुरु मेट्रोपालिटन ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन (बीएमटीसी), उत्तर पश्चिम कर्नाटक सड़क परिवहन निगम (एनडब्ल्यूकेआरटीसी) और कल्याण कर्नाटक सड़क परिवहन निगम (केकेआरटीसी) के प्रबंध निदेशकों को जारी नोट में कहा कि किसी भी बस या बस अड्डे पर तंबाकू सेवन को बढ़ावा देने वाला कोई भी विज्ञापन नहीं लगाया जाएगा।

# दिल्ली-एनसीआर में येलो अलर्ट

## उत्तर भारत में ठंड और कोहरे का सितम जारी, पहाड़ों पर भारी बर्फबारी की चेतावनी



**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में ठंड और कोहरे का सितम जारी है, लेकिन आज यानी 31 जनवरी 2026 को दिल्ली-एनसीआर के मौसम में एक बड़ा बदलाव आने वाला है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से उत्तर भारत के राज्यों में बारिश, बर्फबारी और कड़ाके की ठंड का नया दौर शुरू हो रहा है।

### उत्तर भारत के राज्यों का हाल

पहाड़ी राज्य (जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड): पहाड़ों पर भारी बर्फबारी और बारिश की चेतावनी दी गई है। इससे ऊंचाई वाले इलाकों में तापमान शून्य से काफी नीचे जा सकता है।

मैदानी राज्य (पंजाब, हरियाणा, राजस्थान): इन राज्यों में आज रात से गरज-चमक के साथ हल्की बारिश और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना है।

उत्तर प्रदेश और बिहार: उत्तर प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में बारिश का असर दिखेगा, जबकि बिहार में फिलहाल घना कोहरा और शीत लहर का असर जारी रहने का अनुमान है।

### आज दिल्ली-एनसीआर का मौसम

- दिल्ली-एनसीआर के लिए आज येलो अलर्ट जारी किया गया है।
- **कोहरा और विजिबिलिटी :** सुबह के समय मध्यम से घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी काफी कम रही।
- **बारिश और आंधी :** दोपहर के बाद या रात तक दिल्ली में हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। इसके साथ ही 30-40 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं और गरज-चमक की भी चेतावनी दी गई है।
- **तापमान :** आज अधिकतम तापमान 21 और न्यूनतम तापमान 7 से 12 के आसपास रहने का अनुमान है।
- **अगले कुछ दिन :** बारिश का यह सिलसिला 1 और 2 फरवरी तक जारी रह सकता है, जिससे अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी और ठिठुरन बढ़ेगी।



### हैप्पी मॉर्निंग

एक आदमी 12 साल बाद जेल से छूटकर मैले कुचैले कपड़ों में बहुत थका हुआ सीधे अपने घर पहुंचा घर पहुंचते ही पत्नी चिल्ला कर बोली-कहां घूम रहे थे इतनी देर? आपकी रिहाई तो 2 घंटे पहले ही हो गई थी ना?
आदमी वापस जेल चला गया.....




### शायरी

ज़िंदगी की राहों में मुश्किलें तो आएंगी,
लेकिन हर कदम पर मंज़िलें भी मुस्कुराएंगी।

# बद्रीनाथ-केदारनाथ में मोबाइल बैन करने की तैयारी

## बीकेटीसी अध्यक्ष बोले- ब्लॉगिंग करने वालों पर कार्रवाई होगी; गैर-हिंदुओं की एंट्री पर रोक लग सकती है



देहरादून। बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले श्रद्धालुओं के लिए नए नियम बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति इस मुद्दे पर जल्द बैठक करेगी।

नए नियमों में मंदिर परिसर के अंदर मोबाइल फोन पर बैन और गैर-हिंदुओं की एंट्री पर रोक शामिल हो सकती है। BKTC के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि अगर कोई व्यक्ति मंदिर परिसर में फोन लेकर घूमता मिला, तो उसका मोबाइल जब्त कर लिया जाएगा और उस पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। यह बैन उन लोगों की वजह से लगाया जा रहा है, जो मंदिर परिसर में ब्लॉगिंग और वीडियो बनाते हैं। समिति का कहना है कि देश के कई बड़े मंदिरों में पहले से ऐसे नियम हैं। अब केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में भी अपने अलग नियम लागू किए जाएंगे।

# अमेरिका में डंकी रूट से रोज 65 भारतीय पकड़े गए

## एक साल में कुल 23,830 ने अवैध रूप से यूएस में एंट्री की कोशिश की

- अमेरिका में एंट्री करते पकड़े गए सभी भारतीय सिंगल एंटिटी यानी अकेले ही थे।

एजेंसी


**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली।** अमेरिका में डंकी रूट से एंट्री करने के मामले में बीते एक साल में हर रोज 65 भारतीय पकड़े गए। जनवरी से दिसंबर 2025 के आंकड़ों के अनुसार अमेरिकी बॉर्डर एंड कस्टम ने कुल 23,830 भारतीयों को पकड़ा।

विभाग के मुताबिक एंट्री के मामले घटे हैं, लेकिन इस पर पूरी तरह से रोक नहीं लगी है।

पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में 2024 में कुल 85,119 भारतीय पकड़े गए थे।

अधिकारियों ने बताया कि इस बार एक नया ट्रेंड भी सामने आया है। अमेरिका में एंट्री करते पकड़े गए सभी भारतीय सिंगल एंटिटी यानी अकेले ही थे। कोई भी भारतीय परिवार के साथ नहीं पकड़ा गया।

जबकि 2024 में पकड़े गए भारतीयों में से करीब 20 हजार भाई, पत्नी या बच्चों के साथ अमेरिका में अवैध रूप से एंट्री कर रहे थे।



### अब तुर्किये-दुबई रूट से अमेरिका में एंट्री

अमेरिका में कनाडा और मैक्सिको बॉर्डर के बजाय अब तुर्किये-दुबई रूट से अवैध एंट्री के मामले सामने आ रहे हैं। 2025 में कनाडा बॉर्डर पर 6968 जबकि मैक्सिको बॉर्डर पर 1543 भारतीय पकड़े गए।
सबसे ज्यादा 15,319 विभिन्न अमेरिकी शहरों से भारतीय पकड़े गए। सूत्रों के मुताबिक तुर्किये-दुबई रूट से फ्लाइट के द्वारा सीधे अमेरिका में एंट्री कराई जाती है। ज्यादातर केस अमेरिका में वेकेशन वीसा के नाम पर एंट्री और फिर स्टे अवधि को जम्प करने के आ रहे हैं।
अमेरिका से 2025 के दौरान कुल 3254 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया। ये संख्या 2009 के बाद से सबसे ज्यादा है। 16 साल में 18882 को डिपोर्ट हुए।


### ट्रक की टक्कर से कार के परखच्चे उड़े...चार की मौत

**ग्वालियर।** ग्वालियर में शुक्रवार सुबह घने कोहरे के बीच सड़क हादसा हो गया। भिंड रोड हाईवे पर बंटू ढाबा के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने वैगनआर कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। सभी भिंड जिले के हैं। सुबह करीब 8 बजे जैसे ही इनकी कार बंटू ढाबा के पास पहुंची, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कार को रौंद दिया। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान सौरभ शर्मा निवासी मेहगांव (भिंड), ज्योति यादव (भिंड), भूरे प्रजापति (गोरमी) भिंड और उमा राठौर पत्नी पति राम राठौर, निवासी मोरोली भिंड के रूप में हुई है। सौरभ बीएससी एग्रीकल्चर का पेपर देने आगरा जा रहा था।

### छत्तीसगढ़ में चार माओवादियों ने डाले हथियार

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में चार माओवादियों ने शुक्रवार को पुलिस के समक्ष हथियारों के साथ समर्पण किया। जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन में आइजी पी. सुंदरराज और पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के समक्ष इन माओवादियों ने मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। आत्मसमर्पण करने वालों में पांच लाख का इनामी माओवादी सोढ़ी जोगा शामिल है। अन्य माओवादियों में डाबर गंगा, सोढ़ी राजे और माड़वी बुधरी शामिल हैं, जिन पर एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। इन माओवादियों ने एसएलआर, इंसास, थ्री नाट थ्री और 303 राइफल सहित जिंदा कारतूस पुलिस को सौंपे। पुलिस अधिकारियों ने आत्मसमर्पित माओवादियों का स्वागत संविधान की पुस्तक भेंट कर किया और पुनर्वास नीति का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया।

### अर्थसार



सेंसेक्स:
82,269.78
-296.59 (0.36%)
निफ्टी:
25,320.65
-98.25

### मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | | : 21 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | | : 08 डिग्री से0 |
| सूयोदय | रविवार | : 7 : 13 |
| सूर्यास्त | शनिवार | : 6 : 00 |

# दिल्ली पुलिस की लेडी कमांडो की डंबल मारकर हत्या

- 5 माह की प्रेग्नेंट, सोनीपत में साले को फोन कर कहा- मेरे से यह मर गई



**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत की रहने वाली दिल्ली पुलिस में तैनात लेडी कमांडो की उसके पति ने सिर में डंबल मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद पति ने पत्नी के भाई (साला) को फोन कर वारदात की जानकारी दी। उसने कहा- मेरे से यह मर गई है। तू फटाफट दिल्ली आ जा।

मृतका की पहचान सोनीपत के गांव बड़ी की रहने वाली काजल के रूप में हुई है। उसके भाई निखिल ने आरोप लगाया है कि काजल के पति अंकुर ने हत्या से पहले काजल से झगड़ा किया था। इसकी जानकारी काजल ने ही दी थी। उसने अपनी जिंदगी की कई जानकारियां शेयर की थीं। काजल ने बताया था कि उसे उसके ससुराल वाले रंग को लेकर ताना मारते थे और काली बहू कहते थे। वह अपने पति के कुछ राज जानती थी, जिससे उसका पति डरता था कि कहीं खुलासा न हो जाए। इसके चलते काजल की हत्या की गई। मौत के समय काजल 5 माह की प्रेग्नेंट थी। आरोपी पति अंकुर को दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार करके जेल भेज दिया

**आत्महत्या** तीन दिन से चल रही थी तलाशी; 9000 करोड़ की संपत्ति के मालिक थे

# कॉन्फिडेंट-ग्रुप चेरमैन ने आईटी-रेड के दौरान खुद को गोली मारी

बेंगलुरु। कॉन्फिडेंट ग्रुप के चेयरमैन सीजे रॉय ने शुक्रवार को सेंट्रल बेंगलुरु में रिचमंड सर्कल के पास कंपनी के ऑफिस में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस के मुताबिक, यह घटना दोपहर करीब 3.15 बजे हुई। उन्होंने पुष्टि की कि पिछले तीन दिनों से इनकम टैक्स विभाग की तलाशी चल रही थी। सुसाइड के बाद आयकर अफसर घटनास्थल से रवाना हो गए।

रॉय की नेटवर्थ 9 हजार करोड़ रुपए है। मूल रूप से केरल के रहने वाले रॉय का कारोबार कर्नाटक और दुबई में फैला था। कॉन्फिडेंट ग्रुप केरल और कर्नाटक का रियल एस्टेट डेवलपर है। पुलिस ने बताया कि फिलहाल, मौके पर कोई आईटी अधिकारी मौजूद नहीं थे। बेंगलुरु पुलिस जांच के हिस्से के तौर पर आईटी विभाग से जरूरी जानकारी लेगी।

कमिश्नर ने आगे बताया कि सी.जे. रॉय के परिवार के सदस्य फिलहाल विदेश में हैं और बेंगलुरु आ रहे हैं।

### पुलिस ने कहा- आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में भी जांच होगी

पुलिस मामले के कानूनी वर्गीकरण का भी मूल्यांकन कर रही है, जिसमें यह भी शामिल है कि इसे अप्राकृतिक मौत के तौर पर दर्ज किया जाना चाहिए या आत्महत्या के लिए उकसाने से संबंधित धाराएं लगाई जानी चाहिए।



कमिश्नर ने पुष्टि की कि कॉन्फिडेंट ग्रुप के एक डायरेक्टर ने पहले ही शिकायत दर्ज करा दी है।

जांचकर्ता चल रही जांच के हिस्से के तौर पर ऑफिस परिसर से सबूत इकट्ठा कर रहे हैं, और रिकॉर्ड और बयानों की जांच के बाद और स्पष्टता आने की उम्मीद है।

### सीएम बोले- सच्चाई का पता लगाएंगे

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शुक्रवार को कहा कि कॉन्फिडेंट ग्रुप के चेयरमैन सीजे रॉय की मौत की हाई-लेवल जांच की जाएगी।

### तीन दिन से रोज पूछताछ हो रही थी

केरल आयकर की टीम 3 दिन से सीजे (चिरियनकांडथ जोसेफ) रॉय के दफ्तर में कार्रवाई कर रही थी। रोज उनसे पूछताछ की जा रही थी।

रॉय के बड़े भाई ने आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसी के दबाव की वजह से उन्होंने बड़ा कदम उठाया। आयकर अफसरों को जवाब देना होगा कि ऐसा क्या हुआ कि मेरे भाई ने यह कदम उठाया?

भाई के मुताबिक, रॉय पर कोई कर्ज नहीं था। केरल से आयकर टीम पहली बार 3 दिसंबर 2025 को आई थी और कुछ दिन बेंगलुरु में रुकी थी। इसके बाद वह 28 जनवरी को आई और सीजे रॉय को दुबई से बुलाया गया।

# संपादकीय

## भारत की जीडीपी वृद्धि सच में हो रही है या सिर्फ हवा-हवाई बातें?



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

यह सवाल आजकल आम आदमी के मन में सबसे ज्यादा गूंजता है। एक तरफ सरकार और आर्थिक सर्वेक्षण दावा करते हैं कि भारत दुनिया की सबसे तेज बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, वहीं दूसरी तरफ आम लोग महंगाई, बेरोजगारी और रोजमर्रा के खर्चों से जूझते नजर आते हैं। आइए इस विरोधाभास को समझते हैं।

ताजा आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष की 6.5 प्रतिशत से काफी बेहतर है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में इसे घरेलू मांग और निवेश के डबल इंजन से जोड़ा गया है। अगले वित्त वर्ष (FY27) के लिए 6.8 प्रतिशत से 7.2 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। भारत अब चौथे साल लगातार सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है, और नाममात्र जीडीपी 4 ट्रिलियन के पार पहुंच चुकी है। सेवा क्षेत्र में 7.3त्न से ज्यादा वृद्धि, मजबूत निजी उपभोग (जीडीपी का 61.5 प्रतिशत) और इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश ने इसे संभव बनाया है।

लेकिन सवाल यह है कि यह विकास आम आदमी तक पहुंच रहा है या नहीं? महंगाई के मोर्चे पर राहत मिली है। खुदरा महंगाई (सीपीआई) 2022-23 के 6.7 प्रतिशत से घटकर 2025-26 में औसतन 1.7त्न रह गई। नवंबर 2025 में यह 0.71 प्रतिशत तक गिर गई, जो ऐतिहासिक निचले स्तर है। खाद्य महंगाई में कमी (सब्जियां, दालें आदि सस्ती) और आरबीआई की नीतियों ने इसे नियंत्रित किया। आम आदमी की रसोई पर बोझ कम हुआ है, और इससे वास्तविक आय में सुधार हुआ है।

फिर भी, बेरोजगारी और आय असमानता की समस्या बनी हुई है। आधिकारिक आंकड़ों में बेरोजगारी दर दिसंबर 2025 में 4.8 प्रतिशत रही, जो नवंबर के 4.7 प्रतिशत से थोड़ी बढ़ी लेकिन कुल मिलाकर गिरावट का रुझान है। ग्रामीण क्षेत्रों में 3.9 प्रतिशत और शहरी में 6.7 प्रतिशत है। युवाओं में बेरोजगारी ज्यादा चिंताजनक रही है, हालांकि हाल के महीनों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से सुधार दिखा। कई विशेषज्ञ कहते हैं कि आंकड़े ILO की परिभाषा पर आधारित हैं, जहां हफ्ते में एक घंटे काम करने वाला भी रोजगार प्राप्त माना जाता है, जबकि वास्तविकता में योग्य नौकरियां कम हैं। लाखों युवा सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन करते हैं, जो असमानता को दर्शाता है।

विकास का स्वरूप 'के-आकार' का है – अमीर और मध्यम वर्ग (खासकर सेवा क्षेत्र में) फायदे में हैं, जबकि निचले तबके और ग्रामीण मजदूर अभी भी संघर्ष कर रहे हैं। निजी उपभोग बढ़ा है, लेकिन मुख्य रूप से उच्च आय वालों का। मैन्युफैक्चरिंग और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन अभी कमजोर है। वैश्विक चुनौतियां जैसे व्यापार युद्ध, टैरिफ और भू-राजनीतिक तनाव निर्यात को प्रभावित कर सकते हैं।

निष्कर्ष में, जीडीपी वृद्धि सच है, हवा-हवाई नहीं। आंकड़े मजबूत घरेलू मांग, कम महंगाई और निवेश से समर्थित हैं। लेकिन यह विकास समावेशी नहीं है। आम आदमी अभी भी महंगाई के अवशेष, नौकरी की अनिश्चितता और आय के असमान वितरण से परेशान है। सरकार को अब फोकस रोजगार सृजन, कौशल विकास और निचले तबके तक पहुंचाने पर करना होगा। तभी यह विकास सबका साथ, सबका विकास बन पाएगा। अगर नीतियां सही दिशा में चलीं, तो आने वाले सालों में आम आदमी भी इस तरक्की का असली फायदा उठा सकेगा।


## अति आशावाद से बचें

देश में आम बजट से पहले सामने आने वाले आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को लचीला व गतिशील बनाने पर बल दिया गया है। यह सर्वेक्षण उन चुनौतियों की ओर भी इशारा करता है, जिनके लिए सावधानीपूर्वक नीतिगत निर्णय लेने की आवश्यकता है। दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में चालू वित्तीय वर्ष में भारत के सकल घरेलू उत्पाद दर यानी जीडीपी के 7.4 रहने का भरोसा जताया गया है। वहीं आर्थिक सर्वेक्षण वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकास वृद्धि दर के 6.8 से 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। इस अनुमान में सीमापरक तनाव, व्यापार में व्यवधान और वैश्विक बाजारों में अस्थिरता को भी ध्यान में रखा गया है। निश्चित रूप से यह सावधानीपूर्वक दर्शाया गया आशावादी दृष्टिकोण घरेलू मांग, उपभोग और निवेश की मजबूती को ही दर्शाता है। इसके बावजूद कि तमाम बाहरी जोखिम विद्यमान हैं, मसलन टैरिफ को लेकर आपूर्ति श्रृंखला में तनाव व देश की अपेक्षाओं का संतुलन बनाना शामिल है। यह सार्थक है कि सर्वेक्षण यथार्थवाद को नजरअंदाज नहीं करता है, जो यह भी दर्शाता है कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था पूंजी प्रवाह व मुद्रा की ताकत से ही सफलता सुनिश्चित नहीं होती। यह भी हकीकत है कि एआई जैसी नई तकनीकों से होने वाले लाभ असमानता को ही बढ़ावा देते हैं। लेकिन इसके लिये भी सहायक मानव संसाधन और विनियामक ढांचे की जरूरत होती है। खासकर भारत जैसे देश में जहां श्रम शक्ति का बाहुल्य है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि हम दुनिया में सबसे बड़ी युवा आबादी वाले देश होने का लाभ उठाएं। इसके लिये कौशल विकास को प्राथमिकता देने की सख्त जरूरत है, जिससे हम गुणवत्तापूर्ण स्वदेशी उत्पादों के जरिये विश्व में आर्थिक स्पर्धा का मुकाबला कर सकें। ये कदम हमारे निर्यात बढ़ाने में भी सहायक हो सकते हैं। कालांतर में ये हमारे व्यापार घाटे को कम करने में भी मददगार साबित हो सकता है।

इसमें दो राय नहीं है कि हालिया आर्थिक सर्वेक्षण के जरिये एक महत्वाकांक्षी रोड मैप बनाने का प्रयास किया गया है, जिसके अंतर्गत स्वदेशी अभियान को तरजीह देने से लेकर रणनीतिक लचीलेपन और रणनीतिक अनिवार्यता भारत की आर्थिक क्षमता की परीक्षा लेने वाला साबित हो सकता है। लेकिन इसके लिये जरूरी है कि भारत में उत्पादित वस्तुओं की साख को अंतर्राष्ट्रीय आकांक्षाओं के अनुरूप बनाया जाए। निस्संदेह, विश्व में भारतीय उत्पाद 'खरीदने के बारे में सोचने' से स्थिति को 'बिना सोचे भारतीय उत्पाद खरीदने' वाली सोच विकसित करना एक बड़ी चुनौती होगी। इस स्थिति के लिये हमें विनिर्माण क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्धता की सख्त जरूरत होगी। निस्संदेह, हाल ही में यूरोपीय संघ के साथ संपन्न हुए ऐतिहासिक समझौते को लेकर अर्थव्यवस्था में खासा उत्साह देखा जा रहा है, जिसके अर्थव्यवस्था में दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव की उम्मीद की जा रही है। वहीं दूसरी ओर लंबे समय से लटके हुए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता लगातार बनी हुई है। सर्वेक्षण में इस बाबत कहा गया है कि इस वित्तीय वर्ष में इस एफटीए के सिरे चढ़ने की उम्मीद है। लेकिन यहां एक महत्वपूर्ण सवाल यह भी है कि तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था का लाभ आम आदमी को कितना मिलता है। सवाल यह भी है कि दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था का लाभ आम आदमी के जीवन को बदलने में कितना मददगार होगा। एआई और तकनीक क्रांति के दौर में भारतीय विपुल श्रम शक्ति का बेहतर उपयोग कैसे हो सकता है। भारत दुनिया में सबसे युवा श्रम शक्ति वाला देश है तो क्या हम उनकी योग्यता व क्षमता के अनुरूप रोजगार देने में सक्षम होंगे, ताकि वे विकसित भारत के संकल्प में अपना योगदान दे सकें। जरूरत इस बात की है कि देश में बेरोजगारी की दर कम हो और युवाओं के विदेश पलायन की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिये पहल की जाए। वहीं दूसरी ओर फिसलन वाली जमीन पर चलते हुए सर्वेक्षण में दो दशक पुराने सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रावधानों में बदलाव की मंशा जतायी गई है। निस्संदेह, ऐसे किसी बदलाव का आधार तार्किक होना चाहिए।

## शिक्षा में समता या नई असमानता: यूजीसी नियमों पर न्यायिक विराम

-ललित गर्ग-




नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माध्यम से उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता के नाम पर लागू किए गए नए नियमों ने देश के शैक्षिक और सामाजिक परिदृश्य में एक बार फिर गहरी हलचल पैदा कर दी है। जिस नीति को 'समता', 'समान अवसर' और 'समावेशी शिक्षा' की भावना से जोड़कर प्रस्तुत किया गया, वह व्यवहार में आते ही एक वर्ग विशेष के तीव्र विरोध, व्यापक असंतोष और सामाजिक तनाव का कारण बन गई। स्थिति इतनी विकट हुई कि सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप कर इन नियमों पर अंतरिम रोक लगानी पड़ी। यह रोक न केवल सरकार की नीति-निर्माण प्रक्रिया पर एक प्रश्नचिह्न है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अतिशयोक्तिपूर्ण और असंतुलित प्रयोग देश को किस दिशा में ले जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट का यह हस्तक्षेप किसी नीति के समर्थन या विरोध का सीधा निर्णय नहीं है, बल्कि यह एक संवैधानिक चेतावनी है कि समानता के नाम पर लागू किए गए नियम यदि अस्पष्ट हों, दुरुपयोग की संभावना रखते हों और सामाजिक सौहार्द को बाधित करते हों, तो वे न्यायिक समीक्षा से परे नहीं रह सकते। अदालत ने प्रथम दृष्टया यह माना कि यूजीसी के नए नियमों में स्पष्टता का अभाव है और यही अस्पष्टता उन्हें विवादास्पद बनाती है।

यह रोक सरकार को आत्ममंथन का अवसर देती हैकृएक ऐसा अवसर जिसे राजनीतिक टकराव के बजाय सुधार के रूप में देखा जाना चाहिए। प्रश्न यह है कि जो सरकार बार-बार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की बात करती रही है, वह शिक्षा संस्थानों जैसे विचार-निर्माण के केंद्रों में ऐसे नियम क्यों लाई, जिनसे जातिगत पहचान और वर्गीय विभाजन की रेखाएँ और गहरी होने की आशंका पैदा हो गई। भारत का सामाजिक इतिहास इस तथ्य का साक्षी है कि जाति के नाम पर की गई किसी भी नीति ने, चाहे उसका उद्देश्य कितना ही कल्याणकारी क्यों न रहा हो, समाज को भीतर ही भीतर विभाजित किया है।

आरक्षण जैसी संवैधानिक व्यवस्था सामाजिक न्याय के लिए लाई गई थी, लेकिन इसके लंबे प्रयोग ने देश को ऐसे घाव भी दिए हैं, जिनका उपचार आज तक पूर्ण रूप से नहीं हो सका। ऐसे में शिक्षा के क्षेत्र में जातिगत आधार को और उभारने वाली किसी भी पहल को लेकर स्वाभाविक रूप से आशंका उत्पन्न होती है।

शिक्षा संस्थान केवल डिग्री बांटने की फैक्ट्रियां नहीं होते; वे समाज की दिशा तय करने वाली प्रयोगशालाएं होते हैं।

यहां तैयार होने वाला छात्र केवल नौकरीपेशा व्यक्ति नहीं, बल्कि भविष्य का नागरिक होता है। यदि यही परिसर अविश्वास, वर्ग-संघर्ष और परस्पर शंका के केंद्र बन जाएं, तो इसका प्रभाव केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह सामाजिक ताने-बाने को भी कमजोर करता है। यूजीसी के नए नियमों को लेकर उठा विरोध इसी आशंका का प्रकटीकरण है।

यह भी विचारणीय है कि समानता और समता के बीच का अंतर नीति-निर्माण में किस हद तक समझा गया। समानता का अर्थ है सबके साथ एक जैसा व्यवहार, जबकि समता का अर्थ है परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए संतुलित अवसर देना।

यदि समता के नाम पर ऐसे प्रावधान किए जाएं जो एक नए प्रकार की असमानता को जन्म दें, तो वह नीति अपने उद्देश्य से भटक जाती है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी इसी बिंदु की ओर संकेत करती है कि नियमों का उद्देश्य भले ही सकारात्मक रहा हो, लेकिन उनकी संरचना और भाषा ने विवाद और भ्रम को जन्म दिया।

यह भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस पूरे मामले में राजनीतिक रंग तेजी से हावी होता गया। पक्ष और विपक्ष दोनों ने इसे अपने-अपने हितों के चश्मे से देखना शुरू कर दिया, वोट बैंक की राजनीति से इसे देखा जाने लगा जबकि यह विषय मूलत: शिक्षा सुधार और सामाजिक संतुलन से जुड़ा था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं कई अवसरों पर यह कहते रहे हैं कि शिक्षा को राजनीति से मुक्त रखा जाना चाहिए और नीतियां दीर्घकालिक राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर बननी चाहिए। फिर यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि यूजीसी द्वारा बनाए गए इन नियमों में उस दूरदर्शिता और संतुलन का अभाव क्यों दिखा? लगता है कि यूजीसी ने जल्दबाजी में बिना सोचे समझे इसे लागू कर दिया, यदि यूजीसी ने व्यापक संवाद, सभी पक्षों से परामर्श और संभावित दुरुपयोग की आशंकाओं का पूर्व आकलन किया होता, तो शायद यह स्थिति उत्पन्न ही नहीं होती।

नीति बनाते समय केवल कानूनी वैधता पर्याप्त नहीं होती; सामाजिक स्वीकार्यता और नैतिक संतुलन भी उतने ही आवश्यक होते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने आदेश के माध्यम से यही संकेत दिया है कि शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में किसी भी बदलाव से पहले उसके दूरगामी प्रभावों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

नए नियमों की सबसे बड़ी कमजोरी एवं त्रासदी यही रही कि वे आरक्षित और सामान्य वर्गों को एक-दूसरे के सामने खड़ा करके विद्रोह एवं विरोध में खड़ा कर दिया। यह विभाजनकारी प्रवृत्ति न केवल शिक्षा के वातावरण को दूषित करती है, बल्कि उस राष्ट्रीय एकता की अवधारणा को भी कमजोर करती है, जिसकी बात हम संविधान में करते हैं। किसी भी नीति का मूल्यांकन इस आधार पर होना चाहिए कि वह समाज को जोड़ती है या तोड़ती है। यदि वह अविश्वास और टकराव को बढ़ावा देती है, तो उस पर पुनर्विचार अनिवार्य हो जाता है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक को किसी की हार या जीत के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।


यह एक सुधार का अवसर है-सरकार, यूजीसी और समूचे शैक्षिक तंत्र के लिए। यह समय है कि भावनाओं और राजनीतिक आग्रहों से ऊपर उठकर एक ऐसी नीति बनाई जाए, जो वास्तव में समान अवसर सुनिश्चित करे, लेकिन बिना किसी नए विभाजन को जन्म दिए। शिक्षा में सुधार का अर्थ समाज को आगे ले जाना है, न कि पुराने घावों को फिर से कुरेदना।

देश को ऐसी शिक्षा नीति की आवश्यकता है जो प्रतिभा को जाति से ऊपर रखे, अवसर को पहचान से मुक्त करे और परिसरों को संघर्ष का नहीं, संवाद का केंद्र बनाए। सुप्रीम कोर्ट की यह रोक उसी दिशा में एक संकेत है।

अब यह सरकार और यूजीसी की जिम्मेदारी है कि वे इस संकेत को समझें, आत्मावलोकन करें और ऐसे नियम गढ़ें जो वास्तव में भारत की समावेशी, संतुलित और भविष्यद्रष्टा संरचना के अनुरूप हों। यदि इस अवसर को भी राजनीतिक स्वार्थ की भेंट चढ़ा दिया गया, तो यह केवल एक नीति की विफलता नहीं होगी, बल्कि उस विश्वास की भी हार होगी, जो जनता ने शिक्षा सुधारों से जोड़ रखा है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3786



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 3785 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक पागलखाने में एक दर्शक का गाइड ने बताया-'यह जो पागल आपके सामने खड़ा है, इसकी यह दशा इसलिए हुई कि इसे उस लड़की ने ठुकरा दिया, जिसे वह प्यार करता था.'

'और वह!' दर्शक ने एक अन्य पागल की तरफ इशारा करते हुए पूछा.

'ओह!' गाइड बोला-'इसकी यह दशा इसलिए हुई कि इसने उसी लड़की से विवाह कर लिया.'

□ □ □

पहला-'पत्नी हर जन्म में वही पति क्यों पाना चाहती है?'

दूसरा-ताकि उस पति को सुधारने का परिश्रम बेकार न चला जाए.

□ □ □

'दुर्लभ पुस्तक किसे कहते हैं?'

'जिसे पढ़कर सगे संबंधी, मित्र और पड़ोसी सुरक्षित लौटा दें.'

□ □ □

बाजार से आते ही मालकिन नौकरानी पर बिगड़ गई-''कल से तू काम पर मत आना!''

''जी! क्या बात हो गई?''


''जब मैं बाजार गई थी तो तेरे हाथ में चार चूड़ियां थीं, अब दो ही रह गई हैं.''

''जी. वह काम करने में टूट गई!''

''वह तो ठीक है. मगर पलंग पर तू क्या काम करने गई थी?''

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3786



**बायें से दायें:-**

१. जैकी श्रॉफ, सलमान, रंभा, अश्विनी भावे की फिल्म-३
३. 'छम छम बरसा' गीत वाली फिल्म-३
६. 'जलता है जिया मेरा भीगी भीगी' गीत वाली फिल्म-२
७. राकेश रोशन, सिम्मी की फिल्म-२
८. अमिताभ, शर्मिला, हेमा, परवीन की फिल्म-४
१०. 'मरना तेरी गली में जीना तेरी' गीत वाली फिल्म-३
१२. फरदीन, करीना की 'रंग दीन्हो रंग' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'कहना है तुम' गीत वाली आमिर, मनीषा की फिल्म-२
१४. 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'चाँदनी रात है' गीत वाली सलमान, नगमा की फिल्म-२
१७. 'जिंदगी ये जिंदगी दो घड़ी की जिंदगी' गीत वाली फिल्म-३
१९. नागार्जुन, उर्मिला की फिल्म-२
२०. जैकी श्रॉफ, जूही, एकता की एक सस्पेंस फिल्म-३
२३. मिलिंद, विक्रम सलूज की फिल्म-३
२५. विनोद मेहरा, अनिल कपूर, स्मिता, रति की फिल्म-२,१,२
२६. 'याइला रे लड़की मस्त' गीत वाली फिल्म-२
२७. धर्मेन्द्र, शर्मिला की 'बहारों की बारात आ' गीत वाली फिल्म-३
२८. 'तुझे देखके दिल' गीत वाली फिल्म-३
३१. सनी, जॉन, सुनील शेट्टी की फिल्म-३
३२. 'जिस का मुझे था' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२
३३. अक्षय, सैफ, रवीना टंडन, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'रंग भरे मौसम से' गीत वाली फिल्म-३
२. अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
४. 'मैं तेरी मुहब्बत में' गीत वाली फिल्म-३
५. बिजॉय आनंद, कृतिका पाने, सोनू वालिया की फिल्म-२
६. 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली फिल्म-३
९. राजबब्बर, अनिता की फिल्म-४
११. 'किसी के दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१२. नवीन निश्चल, सायरा की 'इधर गया था' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'तेरे बिना तेरे' गीत वाली फरदीन, करीना की फिल्म-२
१७. संजय, उर्मिला की 'ओ भंवरे देखो हम' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'खाई है रे हमने कसम संग रहने की' गीत वाली फिल्म-३
२१. जैकी, नीलम की 'चुराया तूने दिल' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'अपनी चाहतों पे काबू' गीत वाली जॉन, उदिता की फिल्म-२
२३. इरफान खान, की 'मैंने दिल से कहा' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'हम तीनों की वो यारी' गीत वाली फिल्म-३
२५. राजेंद्रकुमार, राखी की फिल्म-२,२
२६. 'पहली बार जो' गीत वाली फरदीन, उर्मिला की फिल्म-३
२९. 'सुन जरा सोनिये' गीत वाली फिल्म-२
३०. रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3785



## सूडोकु -3786

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3785 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## शब्द पहेली - 3786



**बाएँ से दाएँ**

1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**

2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

### शब्द पहेली -3785 का हल



# युवराज मौत मामला : बिल्डर और उसके साथी को जमानत

## 16 जनवरी को युवराज की डूबने से हुई थी मौत, पुलिस ने किया था गिरफ्तार




**नोएडा।** इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में गिरफ्तार लोटस ग्रीन के बिल्डर रवि बंसल और सचिन करनवाल को जमानत मिल गई है। दोनों ने कोर्ट में कहा कि मैंने कोई अपराध नहीं किया है। मुझे झूठा फंसाया गया है। इसलिए मुझे जमानत पर रिहा किया जाए।

जज ने बिल्डर के अधिवक्ता मनोज भाटी और अभियोजन अधिकारी को सुना। इसके बाद कोर्ट ने दोनों को जमानत दे दी। साथ में यह भी कहा कि दोनों आरोपी जांच में पुलिस का सहयोग करेंगे। कोर्ट की अनुमति के बिना देश छोड़कर नहीं जा सकते हैं।

दरअसल, सेक्टर-150 में एक निर्माणाधीन बेसमेंट में भरे पानी में डूबने से 16 जनवरी की रात इंजीनियर युवराज मेहता की मौत हो गई थी।

इस मामले में पुलिस ने एमजेड विजटाउन प्लानर्स प्राइवेट लिमिटेड और लोटस ग्रीन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के बिल्डरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने विजटाउन के बिल्डर अभय कुमार और लोटस ग्रीन के बिल्डर रवि बंसल व सचिन करनवाल को गिरफ्तार किया गया था।

वहीं मंगलवार को हुई सुनवाई में एमजेड विजटाउन बिल्डर कंपनी के डायरेक्टर अभय कुमार की न्यायिक हिरासत 2 फरवरी तक बढ़ाई थी।

### किसानों को आबादी भूखंड देने की व्यवस्था में बदलाव होगा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को छह फीसदी आबादी के भूखंड देने की व्यवस्था में बदलाव करने की तैयारी कर रहा है। उन्हें नए सेक्टरों में भूखंड दिए जाएंगे। अभी गांवों के आसपास जमीन की उपलब्धता के आधार पर बिखरे रूप में भूखंड आवंटित किए जाते हैं। अधिकारी के मुताबिक इसका लाभ उन किसानों को मिलेगा, जिनकी जमीन आगामी परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित की जाएगी। इसके लिए शर्तें भी तय की जाएंगी। इसके अलावा प्राधिकरण किसानों की जमीन का मुआवजा बढ़ाने की भी तैयारी कर रहा है। इससे संबंधित प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है। किसान मुआवजा बढ़ने का इंतजार कर रहे हैं। वे मौजूदा मुआवजा दर करीब 4200 रुपये प्रति वर्गमीटर पर जमीन देने को तैयार नहीं हैं। प्राधिकरण क्षेत्र के किसानों से सहमति के आधार पर जमीन का अधिग्रहण करता है।

# युवती ने धमकी देकर कोर्ट मैरिज का आरोप लगाया

## ग्रेटर नोएडा में घर के आसपास आकर परेशान करता था, ढूंढ रही पुलिस

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक युवती ने अपने पड़ोसी युवक पर गंभीर आरोप लगाया है। युवती का कहना है कि युवक ने उसे डरा-धमकाकर जबरन कोर्ट मैरिज की और अब साथ रहने का दबाव बना रहा है। इस संबंध में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गुरुवार रात को मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित युवती के अनुसार, आरोपी विपिन उसके गांव का ही रहने वाला है और वे पहले से परिचित थे। 26 दिसंबर को आरोपी उसे उसकी मर्जी के बिना दिल्ली ले गया और वहां जबरन कोर्ट मैरिज कर ली। युवती ने बताया कि जब उसने कोर्ट मैरिज का विरोध किया, तो आरोपी ने उसके भाई की हत्या की धमकी दी। घटना के बाद से विपिन लगातार युवती पर उसे अपने साथ दिल्ली ले जाने का दबाव बना रहा है।

युवती के मना करने पर आरोपी ने फिर धमकी दी कि अगर वह उसके साथ नहीं गई तो उसके भाई को जान से मार देगा। इन धमकियों से परेशान होकर युवती गुरुवार को दनकौर कोतवाली पहुंची और आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई।

युवती ने पुलिस को यह भी बताया कि आरोपी आए दिन उसके घर के आसपास मंडराता रहता है, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान है। कोतवाली पुलिस ने जानकारी दी कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी विपिन के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है और आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# शार्ट न्यूज

## ग्रेटर नोएडा में खुले गड्ढे से खतरा मंडरा रहा, बिल्डर समेत दो पर लापरवाही का केस दर्ज

जेवर। ग्रेटर नोएडा के यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में एक बिल्डर और उसके दो अधिकारियों के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि सेक्टर 22डी में बेसमेंट बनाने के लिए खोदे गए एक गहरे गड्ढे को लंबे समय से खुला छोड़ दिया गया था, जिससे दुर्घटना और प्रदूषण का खतरा बढ़ गया था। रबूपुरा कोतवाली में शुक्रवार को यह केस दर्ज किया गया। यमुना गौर सिटी चौकी प्रभारी आशीष यादव ने गुरुवार रात को इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने अपनी गश्त के दौरान पाया कि सेक्टर-22 डी में निर्माणाधीन स्टार सिटी बिल्डर द्वारा सार्वजनिक सड़क के पास एक बड़ा गड्ढा खोदा गया है। यह गड्ढा कई महीनों से बारिश के पानी और कूड़े-करकट से भरा हुआ है, जिससे पानी अत्यधिक प्रदूषित हो गया है और दुर्गंध के कारण वायु प्रदूषण फैल रहा है। स्थानीय किसानों ने भी इसकी शिकायत की थी। पुलिस के अनुसार, इस गड्ढे के चारों ओर किसी भी प्रकार की बाड़, संकेतक या सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई थी। सड़क के ठीक पास इस तरह खुले और जलमग्न गड्ढे को लंबे समय तक छोड़ना मानव जीवन के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है और किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी।

## ग्रेटर नोएडा में परिवार पर हमला, पुरानी रंजिश के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में करीब 20 दिन पहले पुरानी रंजिश को लेकर एक परिवार पर हमला किया गया था। इस हमले में परिवार के कई सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनका अस्पताल में इलाज भी चला था। पुलिस ने इस मामले में नामजद एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कस्बे के प्रेमपुरी निवासी राजेंद्र ने 14 जनवरी को कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि पड़ोसियों ने पुरानी रंजिश के चलते उनके घर में घुसकर हमला किया। आरोपियों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया था। इस हमले में राजेंद्र के परिवार के कई सदस्यों को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें कई दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा। पीड़ित पक्ष ने राजकुमार, विवेक, नवीन, शिवम, अजय, सुनील, पंकज, अंकुर और सुंदर सहित कुल 12 लोगों के खिलाफ कोतवाली में नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे नामजद आरोपी पंकज को शुक्रवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि घटना में शामिल अन्य नामजद आरोपियों की तलाश जारी है और उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## नोएडा में निवेश के नाम पर 56 लाख ठगे

**नोएडा।** सेक्टर-50 निवासी एक इंजीनियर से शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 56 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है जल्द ही आरोपियों को धर दबोचा जाएगा। पीड़ित पेशे से इंजीनियर हैं। वह शेयर बाजार में निवेश में रुचि रखते हैं। उन्होंने बताया कि नवंबर 2025 में उनके पास एक वाट्सऐप पर मैसेज आया, जिसके जरिए ठगों ने उनसे संपर्क किया। ठगों ने खुद को निवेश विशेषज्ञ बताते हुए अपने निर्देशन में निवेश करने पर 30 प्रतिशत तक मुनाफा दिलाने का दावा किया। आरोप है कि ठगों ने पहले विश्वास जीतने के लिए उन्हें शेयर बाजार से जुड़ा प्रशिक्षण दिया और एक एप डाउनलोड कराया। इसके बाद अलग-अलग किश्तों में निवेश के नाम पर रकम जमा कराने को कहा गया। पीड़ित ने 17 जनवरी तक कुल 19 बार में 56 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब पीड़ित ने मुनाफे समेत पूरी रकम निकालने का प्रयास किया तो ठगों ने टैक्स के नाम पर और रुपये मांगे। रकम देने से इनकार करने पर ठगों ने संपर्क तोड़ लिया। खुद को ठगा महसूस होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई।

## प्राधिकरण ने ठेकेदार पर लगया 2 लाख का जुर्माना

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने ठेकेदार कंपनी पर साफ-सफाई नहीं करने पर दो लाख का जुर्माना लगाया है। साथ ही स्वास्थ्य निरीक्षक को चेतावनी जारी की है। दरअसल अधिकारियों ने सेक्टर-150 का अचानक निरीक्षण किया था। ये वहीं सेक्टर है जहां युवराज की कार बेसमेंट में गिरी थी। स्वास्थ्य निरीक्षक राजेश कुमार को काम काज में लापरवाही बरते अंतिम चेतावनी जारी की गई है। निर्देशित किया गया है कि वह सुबह सात बजे मौके से अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे और साफ सफाई की व्यवस्था में सुधार करवाएंगे। यही नहीं आप्टिकल फाइबर केबल डालने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों को कार्यालय बुलाकर जमकर फटकार लगाई गई। सड़क गड्ढा खोदकर डाला है तो उसकी मिटटी की अलग स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा। गड्ढें की बैरीकेडिंग की जाएगी। चारों तरफ से उसके ठीक से कवर किया जाएगा। यदि इस प्रकार का कार्य नहीं मिला तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाई के साथ-साथ प्राधिकरण ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई भी करेंगा। प्राधिकरण में सिविल एवं जनस्वास्थ्य विभाग डीजीएम विजय कुमार रावल ने वर्क सर्किल दस प्रवीन सलोनिया व जनस्वास्थ्य विभाग द्वितीय परियोजना अभियंता आरके शर्मा को लेकर नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे समेत सेक्टर-150 का औचक निरीक्षण किया।

## नोएडा में छह बाइक चोर गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा की थाना सेक्टर-63 पुलिस ने छह वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 14 बाइक एक ऑटो बरामद किया गया। ये लोग मौज मस्ती करने के लिए बाइक चोरी करते है। राह चलते लोगों को सस्ते दामों पर पार्टस और बाइक बेच देते है। ये सभी 19 से 22 साल तक के है। पकड़े गए चार लोग अनपढ़ और बाकी 10वीं और 12वीं पास है। ये चोरी की बाइक से मोबाइल स्नेचिंग का काम कर रहे थे। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि इनके नाम राजू सक्सेना उर्फ टीटू निवासी इन्द्रापुरम जिला गाजियाबाद उम्र करीब 22 साल और अनपढ़ है। विपिन निवासी इन्द्रापुरम गाजियाबाद उम्र करीब 21 साल दसवी तक पढ़े है। अभिषेक निवासी कनावनी गेट गाजियाबाद उम्र 19 और अनपढ़ है। इसी तरह पवन निवासी कनावनी गाजियाबाद उम्र करीब 21 साल 12वीं तक पढ़ा है। सुन्दरम निवासी कनावनी गाजियाबाद उम्र 19 और अपनढ़ है। समीर अंसारी निवासी चोटपुर कॉलोनी नोएडा 22 साल अनपढ़ है। इन छह ने मिलकर एक गैंग बनाया था। ये लोग दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा में बाइक की चोरी करते है। पूछताछ में बताया कि बाइक चोरी करने के बाद अलग-अलग स्थानों पर पार्किंग, रोड़ के किनारे, ग्रीन बेल्ट पर खड़ी करते है। ताकि पकड़े न जाए।

## पति-पत्नी की मौत की वजह स्पष्ट नहीं

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के सादुल्लापुर गांव में मृत मिले पति-पत्नी की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट नहीं हुआ। पुलिस का कहना है कि मौत की वजह पता लगाने के लिए बिसरा लैब भेजा जाएगा। बिसरा रिपोर्ट आने के बाद पता चल सकेगा की मौत कैसे हुई थी। सेक्टर ईकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र के सादुल्लापुर गांव में श्रवण अपनी पत्नी नीलम और तीन बच्चों 10 वर्षीय वैष्णवी, आठ वर्षीय वैभव और चार वर्षीय लाडो के साथ रहते थे। वह मूलरूप से ग्राम असरवाल कला, थाना एयरपोर्ट, जिला प्रयागराज के रहने वाले थे। पुलिस के मुताबिक गुरुवार की सुबह श्रवण और उसकी गर्भवती पत्नी का शव कमरे में पड़ा मिला था।उसके दो बच्चे बेसुध हालत में थे। हालांकि, एक बच्ची की हालत थोड़ी ठीक थी। पुलिस ने बच्चों को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में जहर खाकर खुदकुशी करने की बात सामने आ रही है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ। इसके चलते बिसरा सुरक्षित रख लिया गया है, जिसे जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। बिसरा की जांच रिपोर्ट के बाद मौत का सही कारण पता चल सकेगा। गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को परिवार की मौजूदगी में पति-पत्नी के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। इसके बाद परिवार के लोगों ने गमगीन माहौल में दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया।

# किसान संगठन ने यूजीसी कानून का विरोध किया

जेवर। ग्रेटर नोएडा के भट्टा गांव में शुक्रवार को किसान कामगार यूनियन तेवतिया ने यूजीसी कानून के विरोध में एक संगोष्ठी का आयोजन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष मनवीर तेवतिया के नेतृत्व में हुई इस बैठक में कानून के खिलाफ सशक्त विरोध और आंदोलन का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

संगोष्ठी की अध्यक्षता चौधरी सेलक राम प्रधान ने की, जबकि रवि ठाकुर ने इसका संचालन किया। बैठक में यूजीसी कानून को लेकर चल रहे विवाद और इसके संभावित प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष मनवीर तेवतिया ने आरोप लगाया कि यह कानून स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों के बीच ईर्ष्या और भेदभाव का माहौल पैदा करेगा। उन्होंने आशंका जताई कि इससे शैक्षणिक संस्थानों का वातावरण खराब हो सकता है और छात्र इसका गलत इस्तेमाल कर सकते हैं।

तेवतिया ने सरकार पर धर्म, जाति और क्षेत्र के नाम पर समाज को बांटकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह के प्रयासों को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

संगोष्ठी में स्वर्ण समाज के लोगों में सरकार के प्रति रोष और नाराजगी देखने को मिली।

वक्ताओं ने एक स्वर में इस कानून को समाज के लिए घातक बताते हुए इसे काला और कलंकित कानून करार दिया।

### नशीले पदार्थों की बिक्री पर रिपोर्ट मांगी

**ग्रेटर नोएडा।** जिलाधिकारी मेधा रुपम ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि जागरूकता कार्यक्रम, अवैध नशे, शराब पीकर वाहन चलाने से संबंधित जनवरी के अभियानों की विस्तृत रिपोर्ट आबकारी विभाग की ई-मेल आईडी पर उपलब्ध कराई जाए। विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर वाद विवाद, चित्रकला, स्लोगन लेखन एवं निबंध प्रतियोगिताओं के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश प्रसारित किया जाए। विद्यालयों के आसपास गुटखा, सिगरेट एवं अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया जाए।

# बी-वारंट के बावजूद स्क्रैप माफिया रिहा

## अदालत सख्त, बांदा जेल अधीक्षक से मांगा जवाब

**गौतम बुद्ध नगर।** गौतमबुद्धनगर की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत ने स्क्रैप माफिया रवि काना को बी-वारंट के बावजूद जेल से रिहा करने के मामले में सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने बांदा जिला कारागार के जेल अधीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा है।

अदालत ने इस मामले को गंभीर लापरवाही मानते हुए जेल अधीक्षक से 6 फरवरी तक स्पष्ट जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

यह मामला 2026 में दर्ज एक मुकदमे से संबंधित है, जिसमें आरोपी रविंद्र उर्फ रवि नागर उर्फ रवि काना के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की तीन धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। यह मुकदमा नोएडा के थाना सेक्टर-63 में पंजीकृत है।



अदालत के आदेश के अनुसार, आरोपी रविंद्र पहले से ही किसी अन्य मामले में बांदा जिला कारागार में बंद था। नोएडा पुलिस ने उसे सेक्टर-63 के मामले में अदालत में पेश करने के लिए बी-वारंट जारी कराया था। बी-वारंट का अर्थ है कि आरोपी को हर हाल में अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया जाए।

29 जनवरी 2026 को आरोपी को बी-वारंट के माध्यम से अदालत में पेश किया गया था। हालांकि, उसी दिन शाम 6 बजकर 39 मिनट पर उसे बांदा जिला कारागार से रिहा कर दिया गया, जबकि नोएडा के इस मामले में उसके खिलाफ न्यायिक कार्यवाही चल रही थी।

अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि जेल प्रशासन को यह जानकारी थी कि आरोपी नोएडा के मामले में बी-वारंट पर तलब किया गया है। इसके बावजूद उसे किन परिस्थितियों और किस आधार पर रिहा किया गया, यह समझ से परे है।

न्यायालय के अनुसार, जब आरोपी की रिमांड की कार्यवाही चल रही थी और न्यायालय से कोई स्पष्ट रिहाई आदेश प्राप्त नहीं हुआ था, तब जेल से उसे छोड़ना एक गंभीर प्रशासनिक चूक मानी जा सकती है।

# बादलपुर पुलिस ने सुलझाई बुजुर्ग की हत्या की गुत्थी, 4 अरेस्ट

**ग्रेटर नोएडा। वकार सैफी।** थाना बादलपुर क्षेत्र में खेत की रखवाली कर रहे बुजुर्ग की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा कर चार आरोपियो को गिरफ्तार किया है। महज बुलेट की आवाज पर टोकना एक बुजुर्ग को इतना भारी पड़ा कि आरोपियों ने ईंटों से हमला कर उनकी जान ले ली।



बता दे कि पुलिस की गिरफ्त में मनीष, अमित, आकाश और अभिषेक उर्फ सेकु को पुलिस ने राजतपुर अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया है। इस ब्लाइंड मर्डर को सुलझाने के लिए पुलिस की दो टीम और सीआरटी टीम 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी पडी, आखिरकार 30 जनवरी को सीसीटीवी और लोकल इंटेलिजेंस से मिले सुराग के बाद आरोपियों को गिरफ्तार करने पुलिस सफल रही सेंट्रल नोएडा के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पूछ्ताछ के दौरान जो बात सामने आई वो चौंकाने वाली है। हत्या की वजह कोई पुरानी रंजिश नहीं, बल्कि महज एक मामूली विवाद था।

शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया की घटना 17 जनवरी 2026 की है, जब ग्राम बम्बावड के कृष्णपाल और सुंदर अपने खेतों में गेहूं की रखवाली कर रहे थे। आरोपी मनीष अपने साथियों के साथ शराब पीकर बुलेट मोटरसाइकिल से गुजर रहा था। बुलेट के साइलेंसर से निकल रही तेज आवाज पर जब बुजुर्ग कृष्णपाल ने मनीष को टोका, तो आरोपी गुस्से में आ गए। उनकी आपस में हाथापाई होने लगी. हाथापाई के दौरान मनीष ने कृष्णपाल के चेहरे पर जोरदार प्रहार किया, जिससे उनका सिर खडंजे की ईंटों से जा टकराया। इसके बाद आरोपियों ने दूसरे बुजुर्ग सुंदर के सिर पर भी पीछे से ईंट मार दी। सबूत मिटाने के लिए भागते वक्त आरोपी मनीष घायल सुंदर का मोबाइल तोड़कर साथ ले गया और अमित ने मृतक कृष्णपाल का आधार कार्ड उठा लिया ताकि पहचान छुपाई जा सके।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने बताया कि आरोपी नोएडा के अलग-अलग हिस्सों में दूध की सप्लाई, सेल्स और होटल केयरटेकर का काम करते है। पुलिस ने इनके पास से मृतक का आधार कार्ड और क्षतिग्रस्त मोबाइल फोन बरामद कर लिया है।

# ग्रेटर नोएडा में तालाब में मिले बिजली सप्लाई के बॉक्स

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में भट्टा और मुतैना गांव के बीच एक तालाब में शुक्रवार को बड़ी संख्या में बिजली सप्लाई के बॉक्स मिले। ग्रामीणों द्वारा बनाए गए वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। वीडियो में तालाब के भीतर 100 से अधिक बॉक्स साफ दिखाई दे रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार को सड़क से गुजरते समय उनकी नजर तालाब में पड़े इन बॉक्सों पर पड़ी। पानी का स्तर कम होने के कारण ये बॉक्स अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे थे। ग्रामीणों का आरोप है कि यूपीपीसीएल के कर्मचारियों ने गांवों में बिजली आपूर्ति के लिए इस्तेमाल होने वाले इन बॉक्सों को जानबूझकर तालाब में छिपा दिया था।

ग्रामीणों का दावा है कि यह कृत्य बिजली चोरी को बढ़ावा देने और विभागीय लापरवाही के कारण किया गया। उन्होंने इस पूरे मामले का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है और दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से विभाग को आर्थिक नुकसान हुआ है और आम लोगों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है।

# नोएडा प्राधिकरण इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट की तरह करेगा काम

## कैबिनेट की बैठक में नहीं बनी सहमति, निवेश पर पड़ता विपरीत प्रभाव

एजेंसी

**नोएडा।** राज्य सरकार ने नोएडा में मेट्रोपोलिटन कॉर्पोरेशन बनाने का इरादा टाल दिया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई बैठक में इस पर सहमति नहीं बन पाई।

सुप्रीम कोर्ट ने विशेष अनुज्ञा याचिका में राज्य सरकार को नोएडा में मेट्रोपोलिटन कॉर्पोरेशन बनाने पर विचार करने का आदेश दिया था। औद्योगिक विकास विभाग ने तर्क दिया कि नोएडा की स्थापना 'उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम' के आधार पर की गई है।

इसका मुख्य उद्देश्य औद्योगिक, आवासीय और वाणिज्यिक विकास को बढ़ावा देते हुए निवेश को आकर्षित करना है। मेट्रोपोलिटन कॉर्पोरेशन बनाए जाने से यूपी में निवेश पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

कैबिनेट की बैठक में औद्योगिक विकास विभाग के प्रस्ताव के आधार पर नोएडा को मेट्रोपोलिटन कॉर्पोरेशन नहीं बनाने का फैसला किया गया। न्यू ओखला इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (नोएडा) पूर्व




की तरह काम करता रहेगा।

### समाप्त हो रहा लैंड बैंक

नोएडा का लैंड बैंक लगभग समाप्ति की ओर है। तेजी से हो रहे शहरीकरण और बढ़ती आबादी के बीच मौजूदा प्राधिकरण मॉडल भविष्य की चुनौतियों के लिए उपयुक्त नहीं रह गया है।

ऐसे में वार्ड प्रतिनिधियों वाली मेट्रोपॉलिटन कॉरपोरेशन अधिक लोकतांत्रिक, जवाबदेह और नागरिकों के प्रति संवेदनशील व्यवस्था दे सकती है।

### इन शहरों का दिया हवाला

रिपोर्ट में मुंबई और बेंगलुरु जैसे शहरों का हवाला देते हुए कहा गया कि मेट्रोपॉलिटन शासन मॉडल से कचरा प्रबंधन, सार्वजनिक परिवहन और स्थानीय बुनियादी सेवाओं में सुधार संभव है।

स्थानीय चुनावों से नागरिकों की भागीदारी बढ़ेगी और प्रशासनिक जवाबदेही तय होगी।

### वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव, कोच का शीशा टूटा

**गौतम बुद्ध नगर।** हावड़ा-दिल्ली रेल मार्ग पर बनारस से नई दिल्ली जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव की घटना सामने आई है। इस घटना में ट्रेन के एक कोच का शीशा टूट गया, हालांकि यात्री बाल-बाल बच गए। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि यह घटना 26 जनवरी को हुई, जब वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 22415 मारीपत और चिपियाना रेलवे स्टेशन के बीच से गुजर रही थी। कुछ अज्ञात लोगों ने ट्रेन पर पत्थर फेंके, जिससे ट्रेन के साउथ साइड का कांच टूट गया। पथराव कोच संख्या सी-16 की सीट नंबर 20, 21 और 22 के शीशे पर हुआ।

# सड़कों पर धूम स्टाइल स्नैचिंग करने वाले अरेस्ट, लग्जरी बाइक, 23 मोबाइल और तमंचा बरामद

**नोएडा। वकार सैफी।** थाना 113 पुलिस ने स्वाट और सर्विलांस टीमों की मदद से शातिर स्नैचिंग गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस दो शातिर ऐसे स्नैचिर को गिरफ्तार किया है, जो केटीएम ड्यूक और एक पल्सर लग्जरी बाइक का इस्तेमाल मोबाइल स्नैचिंग के लिए करते थे, जैसी पलक झपकते ही मोबाइल लूटकर फरार हो जाते थे। इनके पास से भारी मात्रा में मोबाइल और अवैध हथियार बरामद हुए हैं।



बता दे कि पुलिस की गिरफ्त में खडे इरशाद उर्फ मिच्चू और जुलफाम को को सेक्टर-123 से गिरफ्तार किया गया है। नोएडा के डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि यह गिरोह लंबे समय से नोएडा और एनसीआर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में सक्रिय था और अपराध को अंजाम देने के लिए लग्जरी बाइक का इस्तेमाल करता था। आरोपी केटीएम ड्यूक और एक पल्सर, लग्जरी बाइक की तेज रफ्तार का इस्तेमाल इस्तेमाल कर मॉल, मेट्रो स्टेशन और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मोबाइल छीनकर फरार हो जाते थे।

पुलिस ने इनके कब्जे से 23 मोबाइल फोन और अवैध तमंचे बरामद किए गए हैं। यह गिरोह महंगे हाई-एंड मोबाइल छीनकर उनके पार्ट्स निकाल लेते थे और उन्हें दिल्ली के पालिका बाजार जैसे स्थानों पर औने-पौने दामों या डिमांड पर बेच दिया करते थे। डीसीपी ने बताया कि पकड़े गए अपराधियों का रिकॉर्ड मिला है। दोनों आरोपियों पर पहले से ही आधा दर्जन के करीब आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह गिरोह केवल नोएडा ही नहीं, बल्कि दिल्ली-एनसीआर, बुलंदशहर, गाजियाबाद और मेरठ जैसे जनपदों में सैकड़ों वारदातों को अंजाम दे चुका है। पुलिस अब इनके अन्य साथियों और अन्य जनपदों में दर्ज मुकदमों की जानकारी जुटा रही है।

# नोएडा में बीएमडब्लू से जा रही महिला यूट्यूबर से छेड़खानी

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में जानी-मानी महिला सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबर का पीछा करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दिल्ली के डीएनडी फ्लाईओवर से लेकर ग्रेटर नोएडा के परी चौक तक कार सवार युवकों ने उनका पीछा किया। बार-बार ओवरटेक किया। चलती कार की विंडो से लटकर अश्लील इशारे किए।

इससे इन्फ्लुएंसर घबरा गई और कार रोक दी। पति को फोन कर पूरी बात बताई। इस दौरान आरोपी भी वहीं खड़े रहे।

घर पास में ही था तो पति जल्दी ही मौके पर पहुंच गया। पुलिस को फोन कर पूरी जानकारी दी। पुलिस के आने तक आरोपियों और महिला के पति के बीच कहासुनी होती रही। इस बीच नॉलेज पार्क थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों पक्षों से बात की।

हालांकि, महिला ने शिकायत करने से मना किया तो पुलिस ने आरोपियों को समझाकर छोड़ दिया। घटना एक महीने पुरानी है। अब सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आया।

पति ने भी सोशल मीडिया पर मामले का वीडियो शेयर किया है। महिला के इंस्टाग्राम पर 57 लाख और उसके पति के 20 लाख से ज्यादा फॉलोवर्स हैं।

# 20 करोड़ की साइबर ठगी

## शामली में चीनी कनेक्शन वाले गिरोह के 3 आरोपी गिरफ्तार

शामली। शामली में साइबर अपराध टीम और बाबरी थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ट्रेडिंग इन्वेस्टमेंट के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने इस गिरोह के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जो व्हाट्सएप और टेलीग्राम के जरिए लोगों को फर्जी ट्रेडिंग ऐप के माध्यम से ठगते थे।



पुलिस के अनुसार, आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अधिक मुनाफे का लालच देकर लोगों को फर्जी ट्रेडिंग ऐप के लिंक भेजते थे। निवेश के बाद पीड़ितों की रकम म्यूल खातों के जरिए अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी जाती थी और फिर उसे चीन से जुड़े साइबर ठगों तक पहुंचाया जाता था। इस गिरोह द्वारा अब तक करीब 20 करोड़ रुपये की ठगी किए जाने की बात सामने आई है। देशभर के विभिन्न राज्यों में इस मामले से जुड़ी करीब 41 शिकायतें दर्ज हैं।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद अमन अंसारी पुत्र रफीक अहमद निवासी राजेंद्र नगर, अलीगंज रोड, लखीमपुर खीरी, त्रिलोकचंद पुत्र निवासी काशीराम नगर कॉलोनी थाना मंझुला जनपद मुरादाबाद और धर्मेंद्र कुमार पुत्र महावीर सिंह निवासी रसूलपुर बरौलपुर थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे वीवो कंपनी के तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने बताया कि इसी मामले में 21 जनवरी 2026 को दो अन्य आरोपी हिमांक प्रशांत कनव और सुरभि भार्गव को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

चीनी कंपनियों से जुड़े तार पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे अपने साथियों रेहान खान, कामेश्वर और आकाश गुप्ता के साथ मिलकर भोले-भाले लोगों के बैंक खाते खुलवाते थे। इन खातों में ठगी की रकम मंगाकर चीनी कंपनियों और चीन में बैठे साइबर ठगों के संपर्क में रहकर पैसे निकलवाए जाते थे। इसके बदले कमीशन का बंटवारा किया जाता था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सीधे चीन में बैठे साइबर ठगों के संपर्क में थे।

ये लोग कमीशन के आधार पर खाते खुलवाकर जनता के पैसे उनमें डलवाते और रकम आते ही उसे बाहर निकलवा लेते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, गिरोह का मुख्य आरोपी लखनऊ विश्वविद्यालय से बीबीए की पढ़ाई कर चुका है और अपने शौक पूरे करने के लिए देश के अलग-अलग राज्यों में चीनी ठगों के साथ मिलकर इस साइबर फ्रॉड को अंजाम दे रहा था।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर श्रमिक की दर्दनाक मौत

**पीलीभीत।** स्टेशन मार्ग स्थित एक व्यापारी के गोदाम पर शुक्रवार को उस समय दर्दनाक हादसा हो गया, जब मैदा की बोरियां उतारते समय एक श्रमिक की ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर मौके पर ही मौत हो गई।

घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मोहल्ला हबीबुल्लाह खां जनूबी निवासी 38 वर्षीय रेशू खां एक व्यापारी के गोदाम पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से लाई गई मैदा की बोरियां उतारने का काम कर रहा था।

बताया गया कि ट्रॉली का डाला खोलते समय ढाल पर खड़ा ट्रैक्टर अचानक आगे की ओर सरक गया और स्टार्ट हो गया।

ट्रैक्टर को रोकने के प्रयास में रेशू खां उस पर चढ़ा, लेकिन पैर फिसलने से वह संतुलन खो बैठा और ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आ गया। हादसा इतना भीषण था कि रेशू खां की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।



प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला तथा कस्बा इंचार्ज विपिन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को ट्रैक्टर के नीचे से निकलवाया।

पंचनामा भरकर शव को सील किया गया और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल रहा। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने गोदामों पर श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं।

# देवहा नदी पर पुल निर्माण को मिली मंजूरी, बीसलपुर क्षेत्र को बड़ी सौगात

**सांसद जितिन प्रसाद के प्रयास से 11.09 करोड़ रुपये की स्वीकृति, जल्द शुरू होगा निर्माण**

**पीलीभीत।** बीसलपुर क्षेत्र के लिए वर्षों से लंबित चली आ रही बड़ी समस्या का समाधान अब साकार होने जा रहा है। बीसलपुर के कितनापुर और भौरुआ के मध्य देवहा नदी पर पुल, सड़क एवं सुरक्षात्मक कार्य के निर्माण को उत्तर प्रदेश शासन से स्वीकृति मिल गई है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए शासन द्वारा 1109 लाख रुपये की धनराशि भी आवंटित कर दी गई है। यह स्वीकृति पीलीभीत सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के निरंतर प्रयासों से संभव हो सकी है। धन आवंटन के बाद सांसद जितिन प्रसाद ने अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट के माध्यम से कहा कि पुल के निर्माण से बीसलपुर क्षेत्र की जनता को सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही क्षेत्रीय विकास को भी नई गति मिलेगी। किसान नेता एवं क्रांतिकारी विचार मंच उत्तर प्रदेश के प्रांतीय संरक्षक देव स्वरूप पटेल ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि बीसलपुर क्षेत्र की जनता की यह समस्या बीते कई दशकों से बनी हुई थी, जिसका समाधान कर यह स्पष्ट कर दिया गया है कि पीलीभीत को विकसित बनाने का संकल्प अब धरातल पर उतर रहा है। उन्होंने कहा कि पुल के निर्माण से बीसलपुर से बरेली की दूरी कई किलोमीटर कम हो जाएगी, जिससे आमजन को समय और संसाधनों की बचत होगी।

# पूरनपुर चीनी मिल की पेराई बंद, किसानों का सब्र टूटा

## भाकियू (टिकैत) के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन, गन्ना आयुक्त का पुतला दहन

**पीलीभीत।** पूरनपुर तहसील क्षेत्र में स्थित किसान सहकारी चीनी मिल का पेराई कार्य कई दिनों से ठप होने के चलते गन्ना किसानों का गुस्सा गुरुवार को खुलकर सामने आ गया।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के बैनर तले सैकड़ों किसानों ने चीनी मिल गेट पर प्रदर्शन करते हुए शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और गन्ना आयुक्त बरेली का पुतला फूंका।

तकनीकी खराबी बनी किसानों की मुसीबत किसानों का कहना है कि बीते चार-पांच दिनों से मिल बंद पड़ी है। भाकियू (टिकैत) के प्रदेश सचिव स्वराज सिंह ने आरोप लगाया कि बायलर में आई तकनीकी खराबी के कारण पेराई अचानक रोक दी गई। उन्होंने कहा कि सत्र शुरू होने से पहले मेंटेनेंस के नाम पर केवल खानापूरी की जाती है, जिसका खामियाजा किसानों को उठाना पड़ता है।

### गन्ना सूखने से बढ़ा आर्थिक नुकसान का खतरा

धरना-प्रदर्शन के दौरान किसानों ने बताया कि कड़ाके की ठंड के बावजूद वे गन्ना लदी ट्रॉलियों के साथ मिल परिसर में डटे हुए हैं। पेराई न होने से गन्ना सूखने लगा है, जिससे तौल घटने और भारी आर्थिक नुकसान की आशंका है।

कई किसानों ने कहा कि यदि जल्द पेराई शुरू नहीं हुई तो उनकी पूरी फसल चौपट हो सकती है। आंदोलन के दौरान किसानों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गन्ना विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए। स्वराज सिंह ने कहा कि पेराई सत्र के उद्घाटन के समय नेता पूजा-पाठ और फोटो खिंचवाने तक सीमित रहते हैं, लेकिन संकट के समय किसानों की सुध लेने वाला कोई नहीं होता। उन्होंने राज्यमंत्री और जिला गन्ना अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया।

### हर साल दोहराई जाती है वही समस्या, आंदोलन तेज करने की चेतावनी

स्थानीय किसानों का कहना है कि चीनी मिल काफी पुरानी हो चुकी है और हर वर्ष पेराई सत्र के दौरान तकनीकी खराबी सामने आती है। स्थायी समाधान और आधुनिकीकरण न होने के कारण किसानों को बार-बार आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ता है।

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही मिल चालू कर पेराई व्यवस्था सुचारु नहीं की गई, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन में शिवशंकर, ब्रजु सिंह, शिवम वर्मा, रितिक यादव, मनवीर सिंह, सर्वजीत सिंह, बलवीर सिंह, कमलेश कुमार, लक्ष्मीकांत वर्मा, रमाकांत कुशवाहा, रुपराम चौहान, सूरज चौहान, राजेन्द्र प्रसाद सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों ने साफ कहा कि अब वे केवल आश्वासनों से संतुष्ट नहीं होंगे, बल्कि समयबद्ध और ठोस समाधान चाहते हैं।

# जाखलौन पुलिस ने चलाया साइबर जागरूकता अभियान

**ललितपुर।** जाखलौन पुलिस ने साइबर अपराधों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, जनपद ललितपुर के थाना जाखलौन की साइबर क्राइम सेल, पुलिस टीम द्वारा ग्राम नयागांव में जन चौपाल लगाकर ग्राम वासियों को साइबर अपराध के बारे मे जागरूक किया गया तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु उपाय बताया गया। जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में निम्न जानकारियाँ दी गई। डीप फेक, एआई,



डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐपडाउनलोड न करें। किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें। सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते। किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने बिना उसे शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें। कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच या धमकी पर विश्वास न करें। सभी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें। साइबर फ्राड होने पर तत्काल अपनी शिकायत साइबर हेल्प लाइन नं0 1930, NCCRP पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड करने या www.cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करायें अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपने निकटतम थाने या डायल-112 पर सूचना दें, जिससे कि वित्तीय धोखाधड़ी होने पर साइबर क्राइम के गोल्डन ऑवर में सम्बंध।

## 8 साल की बच्ची की ई-रिक्शे से दबकर मौत

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में 8 साल की बच्ची की ई-रिक्शे के नीचे दबने से मौत हो गई। बच्ची सड़क पार कर रही थी। तभी रिक्शा स्पीड में उसके पास आ गया। बच्ची ने दौड़कर बचने की कोशिश की। तभी रिक्शा बेकाबू होकर उसके ऊपर पलट गया। आसपास के लोग दौड़ते हुए बच्ची के पास पहुंचे। ई-रिक्शा को सीधा करके बच्ची को निकाला। उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बिना पुलिस को बताए बच्ची का अंतिम संस्कार कर दिया। हादसे का वीडियो भी सामने आया है। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। गांव अलीपुर अटेरना निवासी नवाब की बेटी रेशमा की ससुराल बागपत के ककडीपुर में है। इस समय वह अपनी 8 साल की बेटी इनायत के साथ अपने मायके अटेरना आई हुई थी। शुक्रवार सुबह इनायत घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान खेलते-खेलते वह गांव के बाहर सड़क पर आ गई। बच्ची बुढाना-खतौली मार्ग वाली सड़क पार कर रही थी। अचानक एक ई-रिक्शा बच्ची के सामने आ गया। ई-रिक्शा चालक ने बच्ची को बचाने के लिए ई-रिक्शा मोड़ा, लेकिन वह अनियंत्रित होकर सड़क पर भाग रही बच्ची से टकराकर उसके ऊपर लट गया। बच्ची ई-रिक्शे के नीचे दब गई। हादसे को देखकर राहगीर भागकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने ई-रिक्शा को सीधा किया, लेकिन इससे पहले ही बच्ची मौके पर मौत हो गई थी।

# मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने किया जागरूक



**ललितपुर।** माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सलाह दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। 112 आपातकालीन सेवा 1090 / 1091 महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 181 महिला हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन मिशन शक्ति की टीमों द्वारा उपस्थित जनसमूह को यह भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर ठगी की सूचना तुरंत देने पर पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी। नारी की सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, ललितपुर पुलिस का संकल्प है।

# जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं का त्वरित व प्रभावी निस्तारण किया

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित नियमित जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण के साथ सुना और उनका प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित कराया। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे, जिनकी समस्याओं पर जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत रूप से ध्यान देते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से बिजली आपूर्ति, पेयजल समस्या,



अतिक्रमण, भूमि विवाद, गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों को आर्थिक सहायता, तथा अन्य जनहित से जुड़े मामलों की शिकायतें सामने आईं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से मौके पर ही दूरभाष के माध्यम से वार्ता कर समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए तथा फरियादियों को निस्तारण की स्थिति से अवगत कराने के लिए कहा। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से किया जाए, ताकि आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी की इस संवेदनशील एवं सक्रिय कार्यशैली से फरियादियों के चेहरों पर संतोष दिखाई दिया।

## आजमगढ़ में दो अल्ट्रासाउंड केंद्र सीज

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले में अवैध रूप से चलने वाले क्लीनिक और पैथोलॉजी सेंटर के विरुद्ध तीन दिनों से अभियान चलाया गया है। इस अभियान के अंतर्गत आधा दर्जन क्लीनिक और पैथॉलाजी केंद्र को सील किया जा चुका है। जिले के सीएमओ डॉक्टर एन आर वर्मा के निर्देश पर जिले में अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड, सोनोग्राफी केंद्रों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एडिशनल सीएमओ, नोडल अधिकारी पीसी पीएनडीटी (अल्ट्रासाउंड) के नेतृत्व में जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा हरैया क्षेत्र में औचक निरीक्षण और छापेमारी की गई। उक्त कार्रवाई के दौरान दो अल्ट्रासाउंड केंद्रों को नियमों के उल्लंघन एवं बिना वैध पंजीकरण के संचालित पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया गया। जनता अल्ट्रासाउंड सेंटर पर निरीक्षण के दौरान यह केंद्र अपंजीकृत पाया गया। मौके पर अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध थी। परंतु संचालन की स्थिति संदिग्ध पाई गई।

## मुजफ्फरनगर में एमडीए ने तेल गोदाम सील किया

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण (एमडीए) ने शहर कोतवाली क्षेत्र के न्याजूपुरा में काली नदी किनारे स्थित एक तेल गोदाम को शुक्रवार को सील कर दिया। गोदाम मालिक फरमान सिद्दीकी ने इस कार्रवाई को मनमाना बताते हुए आरोप लगाया है कि सीलिंग का नोटिस हाजी कमर के नाम पर चस्पा किया गया, जबकि संपत्ति उनकी है। तेल व्यापारी फरमान सिद्दीकी के अनुसार, यह गोदाम रहिसा के नाम पर पंजीकृत है और उनका निजी स्वामित्व है। उन्होंने दावा किया कि एमडीए की टीम उनकी अनुपस्थिति में पहुंची और बिना किसी पूर्व सूचना या जांच के गोदाम पर हाजी कमर के नाम का नोटिस चिपकाकर उसे सील कर दिया। सिद्दीकी ने एमडीए की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा, हाजी कमर कौन हैं, यह एमडीए को नहीं पता। यदि नोटिस उनके नाम पर है, तो उनकी संपत्ति पर कार्रवाई करें, मेरी संपत्ति पर सील क्यों लगाई गई ?

# शार्ट न्यूज

## पुलिस ने दो खोए मोबाइल बरामद किए

**ललितपुर।** पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत खोए हुए दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन फोनों की अनुमानित कीमत लगभग 27 हजार रुपये बताई जा रही है, जिन्हें उनके असली मालिकों को वापस लौटा दिया गया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में थाना तालबेहट पर जनसुनवाई/पोर्टल पर गिरे / खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी। थाना तालबेहट पुलिस की साइबर क्राइम हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित CEIR पोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड कर सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 02 गिरे हुए/ खोये हुए मोबाइल फोन को बरामद कर, उनके स्वामी को सुपुर्द किया।

## छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित गिरफ्तार

**ललितपुर।** सौजना पुलिस ने एक किशोरी से छेड़खानी और पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित अनिल कुमार नामक एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सौजना पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 13/2026 धारा-74/351(3) बी.एन.एस व 7/8 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त रामस्वरूप उर्फ रमसू अहिरवार पुत्र ललन्जू अहिवार उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम बारौन थाना सौजना ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार मा0 न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम थाना प्रभारी मुलायम सिहं उ.नि. अरविन्द कुमार थाना सौजना का. आशीष शर्मा आदि शामिल रहे।

## पिता की तेरहवीं करके बेटे ने जान दी

**झांसी।** झांसी में पिता की तेरहवीं के अगले दिन बेटे ने सुसाइड कर लिया। वह खेतों की तरह गया और वहां 80 फीट गहरे कुएं में कूद गया। कुएं में लगभग 50 फीट पानी था। मोटर लगाकर कुएं को खाली किया गया। लगभग 10 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद लाश बरामद हो सकी। मृतक के भाई ने कहा- पिता की बीमारी में 6 लाख रुपए का कर्ज हो गया था। इसी वजह से भाई सदमे में था और उसने जान दे दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। पूरा मामला समथर थाना क्षेत्र के खूजा गांव का है। मृतक का नाम उदयभान अहिरवार (45) पुत्र वृंदावन अहिरवार था। वह समथर के खूजा गांव का रहने वाला था। मृतक के भाई रामप्रसाद अहिरवार ने बताया- मेरा बड़ा भाई उदनभान खेती किसानी और मजदूरी करता था। पिछले दो साल से पिता बीमार थे। उनके खर्च में लाखों रुपए लग गए। भाई समूहों का पैसों इलाज में लगाता रहा। लगभग 6 लाख रुपए का कर्ज मेरे भाई के ऊपर हो गया था। लेकिन 16 जनवरी को अचानक पिता की मौत हो गई। इसका भाई को गहरा सदमा लगा। 28 जनवरी को भाई ने पिता की तेरहवीं कराई।

## आजमगढ़ में महिला पर लोहे के रॉड से हमला

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के पवई थाने की पुलिस ने महिला के ऊपर लोहे के रॉड से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस को दिए शिकायती पत्र में पीड़ित केसरी गुप्ता ने आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश को लेकर अभियुक्तों ने गाली गलौज करने के साथ-साथ जान से मारने की नीयत से लोहे के रॉड से सिर पर हमला कर दिया। इस हमले से बेटी के सिर में गंभीर चोट आई है। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की तारीफ पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। इसी क्रम में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में में मुकदमा दर्ज कर सब इंस्पेक्टर लाल बहादुर आरोपी की तलाश में जुटे थे। किसी भी पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी मिल्कीपुर अंडरपास के पास है। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। आरोपी को न्यायालय भेजा जा रहा है जहां से जेल रवाना किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही इस घटना में जो भी लोग शामिल है।

## झांसी में सड़क हादसे में युवक की मौत

**झांसी।** झांसी में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वह बहन से मिलने के लिए जा रहा था। रास्ते में बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त घायल है। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसा चिरगांव थाना क्षेत्र में हुआ है। मृतक का नाम संजय यादव (20) पुत्र बुधसिंह यादव था। वह जालौन के कोंच कस्बे के सुभाष नगर का रहने वाला था। मृतक के जीजा भरत यादव ने बताया- मेरा साला संजय यादव कोंच में एक समोसे की दुकान पर काम करता था। गुरुवार को वह अपनी बहन प्रियंका से मिलने के लिए झांसी आ रहा था। साथ में उसका दोस्त विक्रम भी था। संजय ही बाइक चला रहा था। जब वह चिरगांव के पास पहुंचा तो उसका एक्सीडेंट हो गया। एंबुलेंस वाले ने हम लोगों को फोन कर सूचना दी। तब हम लोग मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। तब तक संजय की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने हम लोगों को बताया कि संजय की बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इस वजह से उसकी मौत हो गई। अभी विक्रम का इलाज चल रहा है।

## दवा व्यापारियों से लाखों की ठगी का आरोप

**सहारनपुर।** सहारनपुर के खान मार्केट और किशनपुरा स्थित दवा बाजार में लाखों रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है। कई दवा व्यापारियों ने एक दंपत्ति पर यह आरोप लगाया है। व्यापारियों के अनुसार, किशनपुरा में दुकान नंबर 6 पर भाटिया मेडिसिन ट्रेडर्स के नाम से थोक दवा कारोबार करने वाले एक दंपत्ति ने विभिन्न सप्लायर्स से दवाइयां खरीदीं, लेकिन उनका भुगतान नहीं किया। व्यापारियों का दावा है कि दंपत्ति के साथ उनका करीब 40 लाख रुपये का लेनदेन बकाया है। संबंधित बिल और अन्य लेनदेन के दस्तावेज उनके पास मौजूद हैं। पीड़ितों का आरोप है कि भुगतान के लिए बार-बार संपर्क करने पर भी दंपत्ति टालमटोल करते रहे। जब दर्जनों व्यापारी बकाया राशि की मांग को लेकर दुकान पर पहुंचे, तो उन्हें दुकान खाली मिली। व्यापारियों का आरोप है कि दंपत्ति ने रातों-रात दुकान बेच दी और सारा सामान हटा लिया। उन्हें 21 जनवरी 2026 को यह सूचना मिली कि दंपत्ति क्षेत्र छोड़कर जाने की तैयारी में हैं।

## गौवंशों की तस्करी करने वाले प्रधान समेत 3 गिरफ्तार

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर पुलिस ने गौशाला से गौवंशों की तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। तस्करी के आरोप में ग्राम प्रधान समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी गो-तस्करी और पशु तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हुई है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी कर तीनों आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार किए गए लोगों में प्रधान श्याम बहादुर पटेल , दिलीप कुमार राम उर्फ सुभाष और राजेश कोल शामिल हैं। गिरफ्तार ग्राम प्रधान श्याम बहादुर पटेल ने स्वीकार किया कि वह अपने बेटे और अन्य तस्करों के साथ मिलकर सोनबरसा स्थित गौशाला से गौवंशों की अवैध बिक्री करता था। पुलिस के अनुसार, यह पूरा नेटवर्क आर्थिक लाभ के लिए संचालित किया जा रहा था। आरोपी ने बताया कि वह एक राजनीतिक दल का जिलाध्यक्ष भी रह चुका है। जिससे उसके प्रभाव और नेटवर्क की गंभीरता सामने आई है। पुलिस के अनुसार प्रधान श्याम बहादुर पटेल के खिलाफ पहले भी लालगंज थाने में विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इसी तरह, दिलीप कुमार राम उर्फ सुभाष पर प्रयागराज, सोनभद्र सहित अन्य जनपदों में गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम और गैंगस्टर एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन ने जापान से वापस मंगा लिया आखिरी पांडा जोड़ा

**बीजिंग, एजेंसी।** तनावपूर्ण संबंधों के बीच चीन ने जापान से पांडा के आखिरी जोड़े को वापस मंगवा लिया है। करीब 50 वर्षों में पहली बार जापान पांडा विहीन हो गया है। चीन ने संबंधों को सामान्य करने के उद्देश्य से 1972 में अपने पड़ोसी जापान को पहली बार पांडा भेंट किया था। चीन अक्सर पांडों का कूटनीतिक इस्तेमाल करता है। चीन व जापान के बीच आपसी बातचीत के आधार पर पांडों की वापसी फरवरी में तय थी। लेकिन, चीन ने बुधवार को ही पांडा शियाओ व लेई को वापस मंगवा लिया।

### उत्तर कोरिया मजबूत करेगा परमाणु प्रतिरोधक क्षमता

**प्योंगयाग, एजेंसी।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने परमाणु प्रतिरोधक क्षमता मजबूत करने की योजना का संकेत दिया है। जोंग ने एक बयान में कहा कि आगामी सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी कांग्रेस में देश के परमाणु कार्यक्रम को और मजबूत करने की योजनाओं का खुलासा किया जाएगा। सरकारी मीडिया के अनुसार, उत्तर कोरिया ने उन्नत बड़े–कैलिबर मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम का लाइव–फायर अभ्यास किया, जिससे उसकी रणनीतिक प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी।

### द. कोरिया- पूर्व प्रथम महिला कियॉन को 20 माह जेल की सजा

**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरियाई अदालत ने बुधवार को पूर्व प्रथम महिला किम कियॉन ही को भ्रष्टाचार के मामले में 20 महीने की जेल की सजा सुनाई। कियॉन पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल की पत्नी हैं। सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने किम को यूनिफिकेशन चर्च से व्यापारिक सुविधाओं के बदले रिश्वत लेने के आरोप में दोषी ठहराया और 20 महीने की जेल की सजा सुनाई।

### धमाके के साथ जाफर एक्सप्रेस बेपटरी हुई बलोचों ने ली जिम्मेदारी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में धमाके के बाद जाफर एक्सप्रेस बेपटरी हो गई। ट्रेन के चार डिब्बे पटरी से उतर गए। संबंधित रेलवे अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को धमाका अबाद स्टेशन पर हुआ। इसकी जिम्मेदारी बलोच सशस्त्र समूह ने ली है। मालूम हो कि इससे पहले भी बीते साल मार्च में बलूचिस्तान के विद्रोहियों ने जाफर एक्सप्रेस को हाइजैक कर लिया था। इसमें 21 बंदियों की हत्या कर दी गई थी। हालांकि, सेना ने बाद में ट्रेन को छुड़ा लिया था और 33 विद्रोहियों को मारने का दावा किया था।

### बिना लैंडिंग गियर के उतरा नासा का विमान, निकलीं लपटें, टला हादसा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** नासा का एक खोजी विमान हवा में ही खराब हो गया और बिना लैंडिंग गियर के उसे टेक्सास हवाईअड्डे पर उतरना पड़ा। विमान रनवे पर पेट के बल रगड़ खा रहा था और पीछे आग की लपटें निकल रही थीं। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। गनीमत रही कि एक बड़ा हादसा बच गया। नासा ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि चालक दल सुरक्षित हैं।

### नेपाल में नकली भारतीय मुद्रा के साथ बिहार के दो युवक गिरफ्तार

**रौतहट , एजेंसी।** नेपाल के रौतहट जिले में नेपाली सुरक्षा बलों ने बिहार के दो निवासियों को नकली भारतीय नोटों के साथ गिरफ्तार किया है। सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) के प्रवक्ता मनीष थापा के अनुसार, सीतामढ़ी जिले के बिक्रम कुमार पासवान और राहेश कुमार साह को मंगलवार रात पकड़ा गया। दोनों भारतीय पंजीकरण वाली मोटरसाइकिल से नेपाल में प्रवेश कर रहे थे। उसी समय नियमित सुरक्षा जांच के दौरान उनके पास से 2500 रुपये की जाली मुद्रा बरामद हुई। इसमें एक 500 रुपये का नोट और दस 200 रुपये के नोट शामिल थे। आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई के लिए आरोपियों को जिला पुलिस कार्यालय, रौतहट को सौंप दिया गया है।

### न्यूयॉर्क में बिखरी भारतीय संस्कृति-पर्यटन की छटा

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** न्यूयॉर्क में आयोजित प्रमुख प्रदर्शनी में भारत के पर्यटन व सांस्कृतिक स्थलों की छटा बिखरी। प्रदर्शनी के जरिये हजारों आगंतुकों को देश की समृद्ध विरासत व पाक कला के बारे में जानने का अवसर मिला। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने जैकब जेविट्स सेंटर में आयोजित ट्रैवल एंड एडवेंचर शो 2026 में भाग लिया। यहां 10 हजार से अधिक आगंतुकों ने भारत के पर्यटन व सांस्कृतिक परिदृश्य की झलक देखी। इस वर्ष भारत मंडप विशाल कन्वेंशन सेंटर के मुख्य प्रवेश द्वार पर ही तैयार किया गया। भारतीय महावाणिज्य दूतावास के कांसुल जनरल बिनय प्रधान ने 24–25 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में भारत मंडप का उद्घाटन किया। भारत मंडप में विशेष रूप से भारत की टूर एवं ट्रैवल कंपनियों ने भाग लिया और अपनी योजनाएं प्रदर्शित कीं।

# बांग्लादेश चुनाव को लेकर यूनुस सरकार पर भड़कीं शेख हसीना



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की अपदस्थ नेता शेख हसीना ने भारत में निर्वासन में रहते हुए अपने देश के आगामी चुनावों की कड़ी आलोचना की है। ऐसा उन्होंने इसलिए किया, क्योंकि उनकी पार्टी को चुनावों में भाग लेने से रोक दिया गया है। उनके ये बयान अगले महीने होने वाले महत्वपूर्ण मतदान से पहले तनाव को और गहरा कर सकते हैं। हसीना, जिन्हें 2024 में छात्र विद्रोह को दबाने के लिए मौत की सजा सुनाई गई थी, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए थे। जिसके कारण उनका 15 साल का शासन समाप्त हो गया था। उन्होंने पिछले सप्ताह एसोसिएटेड प्रेस को एक ईमेल में चेतावनी दी थी कि समावेशी और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों के बिना बांग्लादेश को लंबे समय तक अस्थिरता का सामना करना पड़ेगा।

**अंतरिम सरकार ने जानकर उनकी पार्टी को चुनाव से दूर कर रही :** उन्होंने यह भी दावा किया कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने जानबूझकर उनकी पार्टी - पूर्व सत्तारूढ़ अवामी लीग को चुनाव से बाहर कर रही है। वहीं, उनके लाखों समर्थकों को मताधिकार से वंचित कर दिया। उन्होंने लिखा, 'जब भी आबादी के एक महत्वपूर्ण हिस्से को राजनीतिक भागीदारी से वंचित किया जाता है, तो इससे असंतोष गहराता है, संस्थानों की वैधता कम होती है और भविष्य में अस्थिरता की स्थिति पैदा होती है।' हसीना ने आगे कहा बहिष्कार पर आधारित सरकार विभाजित राष्ट्र को एकजुट नहीं कर सकती, '

**एक तनावपूर्ण चुनाव :** बांग्लादेश में 12 फरवरी को होने वाले चुनाव में 127 मिलियन से अधिक लोग मतदान करने के पात्र हैं, जिसे व्यापक रूप से दशकों में देश का सबसे महत्वपूर्ण चुनाव और जन विद्रोह के बाद हसीना को सत्ता से हटाए जाने के बाद पहला चुनाव माना जा रहा है। युनुस की अंतरिम सरकार इस प्रक्रिया की देखरेख कर रही है। इसके साथ ही मतदाता व्यापक राजनीतिक सुधारों पर प्रस्तावित संवैधानिक जनमत संग्रह पर भी विचार कर रहे हैं। चुनाव प्रचार पिछले सप्ताह राजधानी ढाका और अन्य जगहों पर रैलियों के साथ शुरू हुआ।

**निष्पक्ष चुनाव का वादा :** हसीना के हफ्तों तक चले हिंसक अशांति के बाद 5 अगस्त, 2024 को भारत भाग जाने के तीन दिन बाद यूनुस बांग्लादेश लौट आए और सत्ता संभाली। उन्होंने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव का वादा किया है, लेकिन आलोचक सवाल उठा रहे हैं कि क्या यह प्रक्रिया लोकतांत्रिक मानकों को पूरा करेगी और हसीना की अवामी लीग पर प्रतिबंध के बाद क्या यह वास्तव में समावेशी होगी। जनमत संग्रह को लेकर सुरक्षा और अनिश्चितता को लेकर भी चिंताएं हैं, जिससे संविधान में बड़े बदलाव हो सकते हैं।

युनुस के कार्यालय ने एपी को दिए एक बयान में कहा कि सुरक्षा बल सुचारू रूप से चुनाव सुनिश्चित करेंगे और किसी को भी जबरदस्ती या हिंसा के माध्यम से परिणाम को प्रभावित करने की अनुमति नहीं देंगे। बयान में आगे कहा गया है कि प्रक्रिया की निगरानी के लिए अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों और मानवाधिकार समूहों को आमंत्रित किया गया है। चुनाव आयोग का कहना है कि यूरोपीय संघ और राष्ट्रमंडल सहित लगभग 500 विदेशी पर्यवेक्षकों के 12 फरवरी को होने वाले चुनावों का अवलोकन करने की उम्मीद है।

**भविष्य को लेकर चिंताएं :** हसीना की सत्ता से बेदखल होने के बाद से बांग्लादेश को कई राजनीतिक और सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। मानवाधिकार और अल्पसंख्यक समूहों ने अंतरिम अधिकारियों पर नागरिक और राजनीतिक अधिकारों की रक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया है। हसीना की पार्टी ने अपने सदस्यों की मनमानी गिरफ्तारी और हिरासत में मौत का आरोप लगाया है, जिसे सरकार ने नकार दिया है। आलोचकों ने इस्लामी समूहों के बढ़ते प्रभाव और अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से हिंदुओं पर होने वाले हमलों पर भी चिंता व्यक्त की है। यूनुस के शासनकाल में प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर भी चिंताएं बढ़ रही हैं, कई पत्रकारों पर आपराधिक आरोप लगाए गए हैं। देश के दो प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों के कार्यालयों पर आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने हमला किया है।

इस बीच, 60 वर्षीय तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी चुनाव में अग्रणी दावेदार के रूप में उभरी है। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया (जिनका पिछले महीने निधन हो गया) के पुत्र रहमान, जो हसीना की प्रमुख प्रतिद्वंद्वी थीं। 17 वर्षों से अधिक के स्वैच्छिक निर्वासन के बाद दिसंबर में घर लौटे। उन्होंने 17 करोड़ लोगों के इस दक्षिण एशियाई राष्ट्र की स्थिरता के लिए काम करने का वादा किया है। फरवरी में होने वाले चुनाव में रहमान का मुख्य प्रतिद्वंद्वी 11 सहयोगी समूहों का गठबंधन है, जिसका नेतृत्व एक इस्लामी पार्टी, जमात-ए-इस्लामी कर रही है। हसीना के शासनकाल में जमात-ए-इस्लामी पर भारी दबाव था। उसे चुनावों में भाग लेने से रोक दिया गया था। बांग्लादेश के पाकिस्तान के खिलाफ 1971 के स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित युद्ध अपराधों के आरोपों में इसके शीर्ष नेताओं को फांसी या कारावास की सजा का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) ने 2014 और 2024 के चुनावों का बहिष्कार किया था। इसने 2018 में चुनाव में भाग लिया था, लेकिन बाद में हसीना पर चुनाव में धांधली का आरोप लगाया था।

**हसीना का कहना है कि देश को अपने घावों को भरना होगा :** आलोचकों ने लंबे समय से हसीना पर तेजी से सत्तावादी व्यवस्था चलाने का आरोप लगाया है। असहमति और अपने राजनीतिक विरोधियों के दमन को लेकर भी उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है, और उनकी सरकार के अधीन सुरक्षा एजेंसियों पर जबरन गायब किए जाने के आरोप लगे हैं। फिर भी, हसीना ने बांग्लादेश की उस अदालत को 'कंगारू अदालत' करार दिया है जिसने विद्रोह के दौरान हुई हत्याओं के सिलसिले में मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोप में उनकी अनुपस्थिति में उन्हें मौत की सजा सुनाई थी। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार समूहों ने मुकदमे की निष्पक्षता पर चिंता जताई है। एपी को भेजे गए अपने ईमेल में हसीना ने कहा कि आगे बढ़ने के लिए बांग्लादेश को राजनीतिक प्रतिबंधों और बहिष्कार के चक्र को तोड़ना होगा। उन्होंने तर्क दिया कि उनकी सरकार के तहत कुछ चुनाव 'वास्तव में सहभागी नहीं थे क्योंकि प्रमुख राजनीतिक दलों ने लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का बहिष्कार करना चुना।' उन्होंने कहा, 'मैं मानती हूं कि यह आदर्श स्थिति से बहुत दूर था,' और साथ ही यह भी कहा कि बांग्लादेश की राजनीतिक पार्टियों को अब इस चक्र को तोड़ना होगा। 'अन्यथा, कोई सुधार नहीं होगा।' उन्होंने आगे कहा कि देश को एक ऐसी वैध सरकार की जरूरत है जो लोगों की वास्तविक सहमति से शासन करे। उन्होंने कहा, 'देश के घावों को भरने का यही सबसे अच्छा तरीका है।'

### ट्रम्प का हाथ थामकर मंच पर पहुंची अमेरिकी रैपर निकी मिनाज

## कहा- राष्ट्रपति की फैन हूं; ट्रम्प बोले- निकी के नाखून काफी खूबसूरत




**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका की हिप-हॉप सिंगर और रैपर निकी मिनाज ने बुधवार को वॉशिंगटन डीसी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ हाथ मिलाया और खुद को राष्ट्रपति का सबसे बड़ा प्रशंसक बताया। निकी मिनाज ने मंच पर ट्रम्प के साथ हाथ जोड़ते हुए दर्शकों से कहा, 'मैं शायद राष्ट्रपति की नंबर 1 फैन हूं, और यह बात नहीं बदलेगी।' मिनाज ने कहा कि आलोचकों की आलोचना और नफरत से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता, बल्कि यह उनकी समर्थन को और मजबूत करती है। उन्होंने कहा, 'लोग जो कहते हैं, वह मुझे प्रभावित नहीं करता। यह मुझे राष्ट्रपति का समर्थन करने के लिए और अधिक प्रेरित करता है। यह हमें सभी को और अधिक समर्थन करने के लिए प्रेरित करेगा।'

निकी ने ट्रम्प के विरोधियों पर आरोप लगाया कि वे राष्ट्रपति को अनुचित तरीके से निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हम उन्हें राष्ट्रपति को बुली करने नहीं देंगे। उनके पीछे बहुत ताकत है और भगवान उनकी रक्षा कर रहे हैं।' कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति ट्रम्प ने निकी मिनाज की जमकर तारीफ की। उन्होंने उन्हें इतिहास की सबसे महान और सफल महिला रैपर बताया और 'ट्रम्प अकाउंट्स' में सैकड़ों हजारों डॉलर के दान के लिए धन्यवाद दिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, निकी ने 1.5 लाख से 3 लाख डॉलर तक का योगदान दिया है, हालांकि सटीक राशि की पुष्टि नहीं हुई है। ट्रम्प ने मजाक में कहा कि निकी के लंबे नाखून खूबसूरत हैं इससे प्रभावित होकर वे भी अपने नाखून बढ़ाएंगे।

# नॉर्थ कोलंबिया के ग्रामीण इलाके में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, सभी 15 लोगों की मौत



**बोगोटा, एजेंसी।** नॉर्थ कोलंबिया के नॉर्ट डी सेंटेंडर प्रांत के एक ग्रामीण इलाके में बुधवार को एक छोटा प्लेन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्लेन में सवार सभी 15 लोगों की मौत हो गई। सरकारी एयरलाइन कंपनी सतेना इस फ्लाइट का संचालन करती थी। कंपनी ने कहा कि घटनास्थल पर एक बचाव दल भेजा गया। विमान एचके4709 स्थानीय समय के अनुसार सुबह 11:42 बजे राजधानी कुकुटा के हवाई अड्डे से ओकाना के लिए रवाना हुआ था। ओकाना पहाड़ों से घिरा हुआ है। यह उड़ान आमतौर पर लगभग 40 मिनट की होती है। सतेना के बयान के अनुसार, विमान का एयर ट्रैफिक कंट्रोल से आखिरी संपर्क उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद हुआ। एयरलाइन ने कहा कि छोटे विमान में दो चालक दल के सदस्य और 13 यात्री सवार थे।

**विमान में सवार यात्रियों और क्रू मेंबर्स के नाम :** यात्रियों में - मारिया अल्वारेज बारबोसा, कार्लोस साल्सेडो, रोलैंडो पेनालोजा ग्वाल्ड्रोन, मारिया डियाज रोड्रिगेज, मायरा एवेंडानो रिनकॉन, अनायेसेल क्विंटेरो, करें पैरालेस वेरा, एनिरली जूलियो ओसोरियो, गिनेथ रिनकॉन, डायोजनीज क्विंटेरो अमाया, नतालिया अकोस्टा साल्सेडो, माइरा सांचेज क्रिएडो, जुआन पाचेको मेजिया

**क्रू मेंबर्स में** – कैप्टन मिगुएल वेनेगास, कैप्टन जोस डे ला वेगा

**उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद ही एटीसी से टूटा संपर्क :** जानकारी के मुताबिक, विमान ने सुबह 11:42 बजे कुकूता शहर के एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। उसे ओकान्या शहर जाना था, जो पहाड़ियों से घिरा हुआ इलाका है। आमतौर पर यह सफर करीब 40 मिनट में पूरा हो जाता है। उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद विमान का एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क टूट गया। इस घटना के दौरान विमान में कुल 15 लोग सवार थे, जिनमें दो क्रू मेंबर और13 यात्री शामिल थे।

**विमान हादसे के कारणों की जांच जारी :** इन यात्रियों में एक प्रमुख नाम डायोजेनेस क्विंटेरो का भी था, जो अपने इलाके में आंतरिक सशस्त्र संघर्ष के पीड़ितों का प्रतिनिधित्व करते थे। उनकी मौत को लेकर स्थानीय लोगों में काफी दुख और चिंता है। विमान का रजिस्ट्रेशन नंबर एचके4709 बताया गया है। अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि हादसा किन कारणों से हुआ। जांच एजेंसियां इसकी जांच करेंगी कि तकनीकी खराबी थी, मौसम की वजह से हुआ या कोई और कारण था।

# भारत और यूरोपीय संघ के समझौते को ट्रंप के मंत्री ने बताया बेहद निराशाजनक




**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए नए व्यापार समझौते की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यूरोप ने यूक्रेन के लोगों की सुरक्षा और चिंता को छोड़कर व्यापारिक मुनाफे को ज्यादा महत्व दिया है। एक न्यूज चैनल से बातचीत में बेसेंट ने यूरोपीय संघ के इस रुख पर गहरी निराशा जताई। उन्होंने दावा किया कि यूक्रेन में जारी भीषण युद्ध के बावजूद यूरोप ने अपने आर्थिक हितों को प्राथमिकता दी है।

**व्यापार समझौते से क्या होगा फायदा? :** अमेरिका का यह बयान यूरोपीय संघ और भारत के बीच लंबे समय से अटके व्यापार समझौते के पूरा होने के ठीक एक दिन बाद आया है। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य आपसी व्यापार को बढ़ाना और अमेरिका पर यूरोप की निर्भरता को कम करना है। इस डील के तहत 96.6 प्रतिशत व्यापारिक सामानों पर आयात शुल्क या तो खत्म कर दिया जाएगा या काफी कम होगा। जानकारों का मानना है कि इस कदम से 2032 तक भारत को होने वाला यूरोपीय निर्यात दोगुना हो जाएगा। इससे यूरोपीय कंपनियों को करीब चार अरब यूरो की बड़ी बचत होने की उम्मीद है।

**बेसेंट ने लगाया आरोप :** बेसेंट ने कहा कि इस समझौते से अब यह साफ हो गया है कि यूरोपीय संघ ने पिछले साल भारत पर ऊंचे टैक्स लगाने के अमेरिकी फैसले का समर्थन क्यों नहीं किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि यूरोपीय देश असल में रूस के युद्ध को पैसा पहुंचा रहे हैं। उनके मुताबिक, रूस का कच्चा तेल भारत जाता है और वहां से रिफाइंड तेल उत्पाद यूरोप में जाते हैं। इस तरह यूरोप अनजाने में अपने ही खिलाफ युद्ध के लिए रूस की मदद कर रहा है।

**कहा– अमेरिका ने यूरोप की तुलना दिए कहीं अधिक बलिदान :** अमेरिकी वित्त मंत्री ने बताया कि अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने की वजह से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। लेकिन यूरोपीय देशों ने इसके उलट भारत के साथ व्यापारिक डील कर ली। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रंप प्रशासन ने रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए यूरोप के मुकाबले कहीं ज्यादा कोशिशें की हैं। बेसेंट के अनुसार, इस संघर्ष को रोकने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका ने यूरोप की तुलना में कहीं अधिक बलिदान दिए हैं।

## अल्बानिया- भ्रष्टाचार रोकने के लिए बनीं एआई मंत्री पर शक



**तिराना, एजेंसी।** अल्बानिया ने साल 2025 में दुनिया की पहली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मंत्री 'डिएला' बनाया था, जिसका मकसद देश में फैली भ्रष्टाचार को कम करना था। हालांकि अब एक बड़ा विवाद सामने आया है डिएला को बनाने वाली नेशनल इंफॉर्मेशन एजेंसी के दो प्रमुख अधिकारी खुद भ्रष्टाचार के आरोप में फंस गए हैं।

नेशनल इंफॉर्मेशन एजेंसी की डायरेक्टर और डिप्टी डायरेक्टर को हाउस अरेस्ट किया गया है। उन्हें ठेकों में धमकी देकर हेरफेर करने, रिश्वत लेने और क्रिमिनल संगठन से जुड़े होने का आरोप है। यह वही एजेंसी है जो सरकार की डिजिटल व्यवस्था संभालती है। इस पूरे घटनाक्रम ने सरकार की भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अभी तक इन अधिकारियों पर औपचारिक रूप से कोई आरोप तय नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री रामा ने कहा कि वे जांच पूरी होने तक कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। अल्बानिया यूरोपीय यूनियन में शामिल होने की कोशिश कर रहा है और इसके लिए भ्रष्टाचार पर नियंत्रण जरूरी शर्त है। भ्रष्टाचार के आरोप के बाद सवाल उठने लगे है कि क्या एआई को कुछ सबूत छिपाने या हेरफेर करने के लिए डिएला को प्रोग्राम किया जा सकता है।

**डिएला बोलीं- मैं इंसान नहीं, मेरा कोई स्वार्थ नहीं :** डिएला एक वर्चुअल अवतार है, जो पारंपरिक अल्बानियाई पोशाक में दिखाई देती है। पिछले साल से डिएला कई अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में बोल चुकी है और दुनिया भर में एआई को सरकारी कामों में इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। सितंबर में अल्बानिया की संसद में वीडियो के जरिए डिएला ने कहा था कि वह इंसान नहीं है, इसलिए उसके पास कोई व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा या स्वार्थ नहीं है। सिर्फ डेटा, ज्ञान और एल्गोरिदम हैं, जो नागरिकों की निष्पक्ष सेवा के लिए समर्पित हैं। उसने कहा था कि भ्रष्टाचार के आरोपों पर उसे दुख हुआ है।

**सरकारी कॉन्ट्रैक्ट्स में लोगों की मदद करती है वर्चुअल अवतार डिएला :** डिएला नागरिकों को ऑनलाइन सरकारी सेवाएं दिलाने में मदद करती है, जैसे दस्तावेज जारी करना या अपॉइंटमेंट बुक करना। इससे पहले अधिकारियों को रिश्वत देकर काम करवाना पड़ता था, लेकिन अब यह प्रक्रिया खत्म हो रही है।

जल्द ही डिएला सरकारी कॉन्ट्रैक्ट्स के आवेदनों की जांच करेगी और डेटा के आधार पर तय करेगी कि कौन सा बोलीदाता सबसे योग्य है। इसका काम ऑडिट किया जा सकता है। प्रधानमंत्री रामा ने इसे दीएला (रोशनी) नाम दिया है, ताकि सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता आए।

# ब्रिटिश पीएम 8 साल बाद चीन पहुंचे: कोरोनाकाल में चीनी कंपनी हुआवे को निकाला था



**बीजिंग, एजेंसी।** ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर बुधवार को 8 साल बाद तीन दिन के दौरे पर चीन पहुंचे। इससे पहले 2018 में तत्कालीन ब्रिटिश पीएम थेरेसा मे चीन पहुंची थी। पिछले 8 सालों में ग्लोबल राजनीति काफी बदल चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आक्रमक नीतियों और बयानों की वजह से यूरोपीय देश नए पार्टनर तलाश रहे हैं, ऐसे में चीन उन्हें एक मजबूत विकल्प नजर आ रहा है। चीन रवाना होने से पहले स्टार्मर ने मीडिया से कहा था कि ब्रिटेन को अमेरिका और चीन में से किसी एक को चुनने की जरूरत नहीं है। अमेरिका के साथ रिश्ते बने रहेंगे, लेकिन चीन को नजरअंदाज करना सही नहीं होगा।

वहीं, चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस यात्रा से दोनों देशों के बीच भरोसा बढ़ेगा और रिश्तों में स्थिरता आएगी। ब्रिटेन भले ही आज चीन को जरूरी देश बता रहा है, लेकिन 2020 में कोरोना के वक्त ही उसने चीनी टेक कंपनी हुआवे को जासूसी के शक में अपने देश से निकाल दिया था।

**ब्रिटेन ने चीनी कंपनी को 5जी प्रोजेक्ट से निकाला था :** ब्रिटिश सरकार ने 2010 में चीनी कंपनी हुआवे को देश में मोबाइल नेटवर्क पर काम करने की इजाजत दी। उसी समय हुआवे के ऑफिस में 'द सेल' नाम का एक खास दफ्तर बनाया गया, जिसके जरिए सरकार कंपनी के काम पर नजर रखती थी। इसे कई सालों तक राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अहम माना गया।

इस दफ्तर में ब्रिटेन के साइबर सुरक्षा एक्सपर्ट्स काम करते थे। हुआवे के खर्च पर वे उसके हर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की जांच करते थे, ताकि कोई ऐसा कोड न हो जिसका गलत इस्तेमाल किया जा सके। फिर भी ब्रिटेन की सरकार को इस सिस्टम से पूरी तरह भरोसा नहीं हुआ। करीब 10 साल तक हुआवे को काम करने देने के बाद, सरकार ने साल 2020 में फैसला किया कि उसे ब्रिटेन के 5जी नेटवर्क से बाहर कर दिया जाएगा। उसी साल संसद की एक जांच में कहा गया कि हुआवे और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के बीच मिलीभगत के साफ सबूत हैं। जो 5 जी इक्विपमेंट पहले से लगे हैं, उन्हें हटाना होगा।

अब 'द सेल' इस बात की मिसाल बन गया है कि चीन के साथ रिश्तों में ब्रिटेन को कितनी मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं। एक तरफ खुफिया एजेंसियों की सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं हैं, दूसरी तरफ प्राइवेट कंपनियां सस्ती तकनीक चाहती हैं और सरकार को अर्थव्यवस्था सुधारने की उम्मीद है। एक्सपर्ट्स और पूर्व डिप्लोमेट्स का कहना है कि अलग-अलग सरकारें चीन को लेकर सही संतुलन नहीं बना पाई हैं। इसकी वजह से ब्रिटेन की पॉलिसी में शक और डर नजर आता है।

**एक्सपर्ट्स बोले- चीनी ऐसी हकीकत जिसका सामना करना जरूरी :** स्टार्मर की ये यात्रा चीन को लेकर बने शक और डर को कम करने की कोशिश है। ये विजिट ऐसे समय हो रही है जब यूरोप और चीन के बीच कूटनीतिक गतिविधियां तेज हैं। हाल के हफ्तों में फिनलैंड और आयरलैंड के प्रधानमंत्री भी चीन जा चुके हैं। जर्मन चांसलर के भी फरवरी में चीन जाने की संभावना है। फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओरपो ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। चीन की ओर से जारी बयान में कहा गया कि शी जिनपिंग ने कहा कि चीन और यूरोपियन यूनियन पार्टनर हैं, प्रतिद्वंद्वी नहीं और सहयोग मतभेदों से ज्यादा अहम है।

पीएम कीर स्टार्मर ने भी माना है कि चीन को लेकर ब्रिटेन का रवैया कभी बहुत नरम रहा, तो कभी बहुत सख्त। उनका कहना है कि वे चीन के साथ 'गोल्डन एरा' या 'आइस एज' जैसी दो टूक सोच में भरोसा नहीं करते। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ब्रिटेन अब चीन को न तो दोस्त मान रहा है और न दुश्मन, बल्कि एक ऐसी हकीकत मान रहा है जिसका सामना करना जरूरी है।

# भारत- न्यूजीलैंड के बीच आज होगा पांचवां और अंतिम टी20

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को होने वाले पांचवें और अंतिम टी20 मैच में जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने पहले ही शुरुआती तीन मैच जीतकर सीरीज जीत ली है। ऐसे में उसपर कोई दबाव भी नहीं रहेगा। भारतीय टीम को चौथे टी20 में लक्ष्य का पीछा करते हुए हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में टीम अपनी इस कमजोरी को इस मैच में दूर करना चाहेगी। भारतीय टीम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन इस सीरीज में अच्छा रहा है पर सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन अब तक सीरीज में असफल रहे हैं। सैमसन अब अपने घरेलू मैदान पर बड़ी पारी खेलकर अगले माह होने वाले टी20 विश्वकप से पहले लय हासिल करना चाहेंगे। इसी कारण सभी की नजरें उनपर रहेंगी। वहीं अगर सैसमन इस मैच में रन नहीं बना पाते हैं तो विश्कप में उन्हें टीम में शायद ही जगह मिले। इससे पहले चौथे टी20 मैच में भारतीय टीम ने पांच मुख्य गेंदबाजों को ही खिलाया था और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे से गेंदबाजी नहीं करवाई। भारतीय टीम ये मैच हार गयी है। ऐस में अंतिम मैच में एक बार फिर गेंदबाजी संयोजन में बदलाव किया जा सकता है। इस मैच में एक बार फिर रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को अवसर मिल सकता है। ऑलराउंडर अक्षर पटेल नागपुर में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उंगली में चोट लगने के बाद से नहीं खेले हैं उन्हें भी फिट होने पर इस मैच में जगह मिल सकती है।

अब तक सीरीज में किये प्रदर्शन के आधार पर भारतीय टीम इस सीरीज में जीत की प्रबल दावेदार बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर कीवी टीम भी इस मैच ो जीतकर विश्वकप से पहले अपनी लय और मनोबल को बढ़ाना चाहेगी। , पिछले मैच में उसके गेंदबाज और बल्लेबाज सफल रहे थे जिससे उसका हौंसला बढ़ेगा।




विशाखापत्तनम में भारतीय टीम के केवल शिवम दुबे ही कीवी गेंदबाजों के सामने टिक पाये थे। यहां के मैदान की बात करें तो

इसमें बड़े स्कोर बने हैं। भारतीय टीम ने यहां खेले गए अपने चार टी20 मैचों में से तीन जीते हैं, जिसमें 2017 में न्यूजीलैंड के खिलाफ जीता गया एक मैच भी शामिल है। वहीं मेहमान टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा, हम जानते हैं कि भारतीय टीम को हराने के लिए क्या करने की जरुरत है। ऐसे में यहां एक रोमांचक मुकाबला होना तय है। सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट के टीम में शामिल होने से भी न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी बेहतर हुई है। टीम को हालांकि अपनी गेंदबाजी बेहतर करनी होगी। इस मैच में कीवी टीम फिट होने पर अपने मुख्य तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन को भी शामिल कर सकती है।

### टीम इस प्रकार है

**भारत** = सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह , वरुण चक्रवर्ती

**न्यूजीलैंड** = मिशेल सेंटनर (कप्तान), डेवोन कॉनवे, टिम सीफर्ट, रचिन रवींद्र, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, डेरिल मिशेल, काइल जैमीसन, मैट हेनरी, ईश सोढ़ी, जैकब डफी।

# ऑस्ट्रेलियाइ ओपन : गैडेकी और पीयर्स ने मिश्रित युगल खिताब जीता



**मेलबर्न (एजेंसी)।** स्थानीय खिलाड़ी ओलिविया गैडेकी और जॉन पीयर्स की जोड़ी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस के मिश्रित युगल का खिताब जीत लिया है। गैडेकी और पीयर्स की जोड़ी ने खिताबी मुकाबले में फ्रांस की क्रिस्टीना म्लाडेनोविक और मैनुअल गिनार्ड को 4-6, 6-3, 10-8 से हराया। गैडेकी और पीयर्स साल 1988-89 में जाना नोवोत्ना और जिम पुघ के बाद मिश्रित युगल खिताब बरकारार रखने वाली पहली जोड़ी बन गईं है। ये जोड़ी साल 1963-64 में मार्गरेट कोर्ट और केन फ्लेचर के बाद अपने घरेलू स्लैम में लगातार खिताब जीतने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी है। गैडेकी ने ट्रॉफी के एक समारोह में इस जीत पर खुशी जतायी है।

इस जीत के साथ ही पीयर्स ने तीसरा मिश्रित युगल खिताब जीता है। इससे पहले उन्होंने साल 2022 में स्टॉर्म सैंडर्स के साथ अमेरिकी ओपन भी जीता था। वहीं उन्होंने साल 2017 में फिनलैंड के हेनरी कोंटिनेन के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष युगल जीता था। इसके अलावा मैथ्यू एब्डेन के साथ जोड़ी बनाकर 2024 पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। दूसरी ओर ये गैडेकी का दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। इससे पहले उन्होंने साल 2025 में पीयर्स के साथ मेलबर्न पार्क में जीत हासिल की थी।

# डिकॉक के शतक से दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी20 में वेस्टइंडीजी को सात विकेट से हराया

**सुपरस्पोर्ट पार्क (एजेंसी)।** क्विंटन डिकॉक की शतकीय पारी की सहायता से मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने यहां दूसरे अंतरराष्ट्रीय टी20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने चार विकेट पर 221 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले इस लक्ष्य को दक्षिण अफ्रीक ने डिकॉक की आक्रामक पारी की सहायता से 17.3 ओवर में ही 225 रन बनाकर हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीकी टीम ने इस जीत के साथ ही 220 से ज्यादा रनों का सबसे तेजी से पीछा करने का रिकार्ड भी अपने नाम किया है। इससे पहले कोई भी टीम इतने कम ओवरों में इतना स्कोर नहीं बना पायी है। वहीं टी20 अंतरराष्ट्रीय में ये दूसरी बार है जब दक्षिण अफ्रीका की टीम इतने बड़े लक्ष्य का पीछा कर पायी है। साल 2023 में दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज टीम के खिलाफ 259 रन के लक्ष्य का पीछा कर जीत दर्ज की थी। दक्षिण अफ्रीका की इस जीत के हीरो डिकॉक रहे। डिकॉक ने 49 गेंदों में 10 छक्के और 6 चौके लगाकर 115 रन बनाये। डिकॉक ने पारी की शुरुआत के साथ ही हमले शुरु कर दिये। उनका रेयान रिकेल्टन ने भी नाबाद 77 रन बनाकर अच्छा साथ दिया। उन्होंने केवल 36 गेंदों में तीन छक्के और 9 चौके लगाकर 77 रन बनाकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डिकॉक और रिकेल्टन के बीच 162 रन की साझेदारी हुई। ये इस पारी में किसी भी विकेट के लिए दक्षिण अफ्रीका की ओर से चौथी सबसे बड़ी पार्टनरशिप का रिकॉर्ड है. डिकॉक का यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में दूसरा शतक है! मैच के बाद डिकॉक ने बताया कि 44 गेंदों में यह शतक उन्होंने उधार लिए बल्ले से बनाया। डिकॉक ने कहा, ' वह अपना बल्ला घर पर ही भूल गये थे। इसके बाद उन्होंने डेवाल्ड ब्रेविस से बल्ला मांगा था।' डिकॉक ने 2024 टी20 विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से ब्रेक ले लिया था। इससे पहले वेस्टइंडीज की टीम ने ब्रैंडन किंग के 49 और सिमरन हेटमायर के 75 रनों की सहायता से दूसरे विकेट के लिए 62 गेंदों में ही 126 रन की मजबूत साझेदारी बनायी। वहीं शेरफेन रदरफोर्ड ने 24 गेंदों में नाबाद 57 रन बनाये। वहीं दक्षिण अफ्रीका की ओर से स्पिनर केशव महाराज ने 4 ओवर में 2 विकेट लेकर 22 रन दिए।



# अंडर-19 विश्व कप : भारत-पाकिस्तान के सुपर सिक्स मुकाबले से तय होगी सेमीफाइनल की टीमें

**बुलवायो (एजेंसी)।** आईसीसी अंडर-19 विश्वकप सुपर सिक्स मुकाबले में भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच एक फरवरी को यहां के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में मुकाबला होगा। इसमें जीत के साथ ही दोनो ही टीमें सेमीफाइनल के लिए अपनी दावेदारी पक्की करना चाहेंगी। इस प्रतियोगिता के दूसरे दौर में क्वालीफाई करने वाली 12 टीमों में से पांच टीमें सेमीफाइनल से पहले ही बाहर हो गयी है। वहीं अब ग्रुप 1 से ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, श्रीलंका और वेस्ट इंडीज जबकि जबकि ग्रुप 2 से भारत, इंग्लैंड और पाकिस्तान ग्रुप 2 सेमीफाइनल की दौड़ में शामिल हैं। भारत और इंग्लैंड दोनो ही टीमें छह-छह अंक लेकर शीर्ष पर हैं पर बेहतर रन रेट के कारण भारतीय टीम पहले जबकि इंग्लैंड दूसरे नंबर पर है। पाकिस्तान चार अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

अगर भारतीय टीम जीतती है या मैच का कोई परिणाम नहीं निकलता है तो पाकिस्तान टीम पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो जाएग। वहीं अगर पाकिस्तान बड़ी जीत हासिल करता है, तो भारतीय टीम के भी बाहर होने की संभावना है। हालांकि, अगर उनकी जीत का अंतर बहुत बड़ा नहीं होता, तो भारत और इंग्लैंड दोनों ही क्वालीफाई कर जाएंगे। ग्रुप 2 की तीनों दावेदार टीमों के सुपर सिक्स चरण में अभी एक-एक मैच होना है। ऐसे में इंग्लैंड का मुकाबला न्यूजीलैंड से 30 जनवरी को होगा। भारत और इंग्लैंड सेमीफाइनल की दौड़ में आगे हैं, वहीं पाक की संभावनाएं इंग्लैंड और न्यूजीलैंड मैच के परिणाम पर निर्भर रहेंगी। अगर इंग्लैंड न्यूजीलैंड को हरा देता है तो वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। वहीं अगर भारतीय टीम पाकिस्तान को हराया देती है या बारिश के कारण मैच रद्द होता है तो भी इंग्लैंड नॉकआउट में पहुंच जाएगी। वहीं पाकिस्तान के पास भी अवसर हैं पर लेकिन इसके लिए उन्हें बड़ी जीत हासिल करनी होगी। वहीं अगर इंग्लैंड कीवी टीम से हार जाती है तो इंग्लैंड के नेट रनरेट में गिरावट आएगी और ऐसे में उनहें भारत और पाक मैच के परिणाम पर निर्भर रहना होगा। ऐसे में पाकिस्तान की टीम इंग्लैंड हो पीछे छोड़ सकती है।




# एमबापे के दो गोल के बावजूद हारा रियाल मैड्रिड, बार्सिलोना आगे बढ़ा

लंदन । स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबापे के दो गोल के बावजूद रियाल मैड्रिड को चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में बेनफिका से 4-2 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच से पहले रियाल मैड्रिड 36 टीमों की तालिका में तीसरे स्थान पर था लेकिन अब वह नौवें स्थान पर खिसक गया जो अंतिम 16 में सीधे प्रवेश पाने से एक स्थान नीचे है। बेनफिका की तरफ से यूक्रेन के गोलकीपर अनातोली ट्रूबिन ने इंजरी टाइम के आठवें मिनट में गोल किया। इससे बेनफिका गोल अंतर के आधार पर 24वें स्थान पर पहुंच गया और उसने प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित कर ली। अनातोली ने जब गोल किया तब रियाल मैड्रिड नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रहा था। इससे कुछ मिनट पहले ही राउल असेंसियो और रोड्रिगो को लाल कार्ड दिखाए गए थे। स्पोर्टिंग लिस्बन ने एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ 3-2 से जीत हासिल की, जिससे रियाल मैड्रिड शीर्ष आठ से बाहर हो गया। स्पोर्टिंग ने अप्रत्याशित रूप से लिवरपूल, टॉटेनहम, बार्सिलोना, चेल्सी और मैनचेस्टर सिटी के साथ शीर्ष आठ में जगह पक्की कर ली। तालिका में शीर्ष पर काबिज आर्सेनल ने कैरात अल्माटी को 3-2 से हराकर लगातार आठवीं जीत दर्ज कीं। वह और दूसरे स्थान पर काबिज बायर्न म्यूनिख पहले ही मार्च में शुरू होने वाले राउंड ऑफ 16 में पहुंच गए थे।



# सीमित ओवरों के क्रिकेट में जगह बनाना चाहते हैं सरफराज

मुंबई । बल्लेबाज सरफराज खान घरेलू क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन के बाद भी अब भारतीय टीम में जगह नहीं बना पाये हैं। सरफराज का सपना सीमित ओवरों की क्रिकेट टीम में जगह बनाना है। उन्हे अब तक टेस्ट क्रिकेट में कुछ अवसर मिले जिसमें उनका प्रदर्शन अच्छा रहा। इसके बाद भी उन्हें बाहर कर दिया गया। अब इस क्रिकेट का लक्ष्य अपने प्रदर्शन से वापसी करना है। इस क्रिकेटर ने कहा कि वह अपने प्रदर्शन और फिटने को बेहतर करने पर ध्यान दे रहे हैं। साथ ही कहा कि वह भारतीय टीम के लिए सीमित ओवरों के क्रिकेट में खेलना चाहते हैं और उसी को देखते हुए तेजी से रन बनाने पर ध्यान दे रहे हैं।' आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम में शामिल किये जाने से भी वह उत्साहित हैं। साथ ही अपने को सौभाग्यशाली मानते हैं। उन्हें धोनी के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने से भी खुशी हुई है. इस बल्लेबाज ने कहा, 'मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं सीएसके के लिए खेल पाऊंगा। मेरा सपना इस पीढ़ी के दिग्गज खिलाड़ियों के साथ खेलने का था।' उन्होंने कहा, 'विराट भाई के साथ मैंने आरसीबी में खेला। रोहित भाई के साथ कभी नहीं खेला था और मुझे नहीं लगा था कि मौका मिलेगा पर फिर टेस्ट टीम में उनके साथ खेला।' उन्होंने कहा, 'धोनी भाई के संन्यास के बाद लगा था कि उनके साथ खेलने का मौका नहीं मिलेगा पर नीलामी के पहले दौर में किसी के बोली नहीं लगाने के बाद सीएसके ने उन्हें शामिल किया है। जिससे उन्हें अब उनके साथ खेलने का अवसर मिल जाएगा।'इस क्रिकेटर ने कहा , 'मैं हमेशा वर्तमान में रहने की कोशिश करता हूं। अतीत में कुछ नहीं कर सकता और मुझे नहीं पता कल क्या होगा।' घरेलू क्रिकेट में कुछ समय तक उनकी फॉर्म ठीक नहीं थी, लेकिन उन्होंने धैर्य रखा, अपनी फिटनेस और खेल पर काम किया जिससे अब वह फिर से रन बना रहे हैं।



# ऑस्ट्रेलियाई ओपनः कार्लोस अल्काराज ने एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर फाइनल में जगह बनाई

**मेलबर्न (एजेंसी)।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को यहां पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में जगह बनाई। इस तरह से 22 साल के अल्काराज चारों ग्रैंड स्लैम पर प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। अब उनका लक्ष्य करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनना होगा।

अल्काराज को पांव में ऐंठन और खिंचाव के कारण पिछले साल के उपविजेता ज्वेरेव की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन आखिर में वह पांच घंटे 27 मिनट में 6-4, 7-6 (5), 6-7 (3), 6-7 (4), 7-5 से जीत हासिल करने में सफल रहे। स्पेन के खिलाड़ी अल्काराज ने अच्छी शुरुआत की लेकिन पहले दो सेट जीतने के बाद वह अगले दो सेट में टाइब्रेकर में हार गए। ज्वेरेव पांचवें और निर्णायक सेट में एक समय मैच के लिए सर्विस कर रहे थे लेकिन अल्काराज ने ब्रेक प्वाइंट लेकर वापसी की और फिर इसके बाद जर्मनी के अपने प्रतिद्वंद्वी को मौका नहीं दिया।

अल्काराज का फाइनल में मुकाबला दो बार के मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर या 10 बार के ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता नोवाक जोकोविच से होगा, जो 25वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने की कोशिश कर रहे हैं। अल्काराज ने जिस तरह से शुरुआत की थी उससे लग रहा था कि वह आसानी से जीत हासिल कर लेंगे लेकिन तीसरे सेट के नौवें गेम में वह लंगड़ाने लगे और ऐसा लग रहा था कि उन्हें दाहिने पैर के ऊपरी हिस्से में कोई समस्या है।

जब अपने प्रतिद्वंद्वी को इलाज के लिए तीन मिनट का ब्रेक दिया गया, तो ज़्वेरेव स्पष्ट रूप से परेशान दिखे। तब तीसरी वरीयता प्राप्त यह खिलाड़ी टूर्नामेंट के एक अधिकारी से बात कर रहा था। अल्काराज ने इसके बाद 6-5 से बढ़त बना दी जिसके बाद उन्हें फिर से अपने पांव की मालिश करवानी पड़ी। ज्वेरेव हालांकि इस सेट को टाइब्रेकर तक खींचने में सफल रहे जिसमें उन्होंने जीत दर्ज की। चौथे सेट में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला लेकिन ज्वेरेव टाइब्रेकर में फिर से कामयाब रहे और इस तरह से उन्होंने मैच को बराबरी पर ला दिया।

चार घंटे से अधिक का समय बीतने के बाद मैच पांचवें सेट में पहुंचा। अल्काराज ने पांचवें सेट के पहले गेम में अपनी सर्विस गंवा दी। इस सेट के छठे गेम में रोमांच तब चरम पर पहुंच गया जब अल्काराज ने ड्रॉप शॉट को लेने के लिए दौड़ लगाई और पूरी गति से स्लाइड करते हुए फोरहैंड विनर शॉट लगाया। इससे दर्शक खुशी से झूम उठे। अल्काराज ने आखिर में पांचवें सेट में 5-4 पर ज़्वेरेव की सर्विस तोड़ी और फिर पहले मैच प्वाइंट को भुनाकर फाइनल में प्रवेश किया।



# भारत की ईशारानी बरुआ थाईलैंड मास्टर्स के क्वाटरफाइनल में पहुंची



पटुमवान (थाईलैंड) (एजेंसी) । भारत की ईशारानी बरुआ ने चीनी ताइपे की शटलर सुंग को हराकर थाईलैंड मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वाटरफाइनल में जगह बना ली। बैडमिंटन रैंकिंग में 48वें स्थान पर काबिज 22 वर्षीय भारतीय शटलर ने गुरुवार को खेले गये मुकाबले में 34वें स्थान पर काबिज ताइपे की प्रतिद्वंद्वी सुंग को 21-13, 14-21, 21-14 से हराकर बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट में अगले दौर में जगह बनाई। पहला गेम बेहद करीबी रहा, जिसमें दोनों खिलाड़ी 11-11 के स्कोर पर बराबरी पर थे, जिसके बाद भारतीय शटलर ने 14-13 की बढ़त बना ली। इसके बाद ईशारानी ने अपनी रफ्तार बढ़ाते हुए लगातार सात अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में सुंग ने वापसी का प्रयास किया, जो एक बार फिर 13-13 के स्कोर तक बराबरी पर रहा। इस बार, ताइपे की शटलर ने शानदार वापसी करते हुए अगले आठ में से सात अंक जीतकर गेम को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। हालांकि, तीसरा गेम पूरी तरह से भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी के नाम रहा, जो इससे पहले 2023 गुवाहाटी मास्टर्स में सुंग से हार गई थी। इससे पहले दोनों के बीच केवल एक ही मुकाबला हुआ था। महिला एकल के एक अन्य मुकाबले में देविका सिहाग ने दूसरे राउंड में चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग को 32 मिनट तक चले मुकाबले में 21-14, 21-14 से हराकर क्वाटरफाइनल में प्रवेश किया। 51वीं रैंकिंग पर काबिज अनमोल खरब को महिला एकल मुकाबले में हुआंग यू-सुन से 10-21, 21-19, 21-19 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, महिला एकल खिलाड़ी श्रीयांशी वालीशेट्टी को करुपथेवन लेटशाना ने 17-21, 22-20, 19-21 से हराया।

# आइसलैंड क्रिकेट ने उड़ाया पीसीबी का मजाक, हम विश्वकप में उसके जगह लेने तैयार

नई दिल्ली । टी20 विश्वकप क्रिकेट में भाग लेने को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अभी तक फैसला नहीं किया है हालांकि उसने अपनी टीम घोषित कर दी है। पीसीबी ने कहा था कि वह इस टूर्नामेंट से बाहर भी रह सकता है। इसी को लेकर अब आइसलैंड क्रिकेट ने पीसीबी पर व्यंग्य कसा है। आइसलैंड क्रिकेट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में लिखा कि अगर पाकिस्तान टूर्नामेंट से हटने का फैसला करता है, तो वे उसकी जगह लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इसमें ये भी कहा है कि अगर 2 फरवरी तक फैसला हो जाए तो वे तत्काल ही श्रीलंका पहुंच सकते हैं। पाक को चिढ़ाते हुए आइसलैंड क्रिकेट ने केफ्लाविक से कोलंबो तक की यात्रा योजनाओं का स्क्रीनशॉट भी साझा किया। साथ ही इस पोस्ट में आखिरी समय पर बुलाए जाने पर आने वाली व्यावहारिक परेशानियों को भी मजाकिया अंदाज में दिखाया गया। यहां तक कि उन्होंने अपने ओपनिंग बल्लेबाज की 卐अनिद्रा卐 का भी जिक्र कर दिया, जिसने प्रशंसकों को पीसीबी पर हंसने का अवसर जरुर मिल गया है। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बांग्लादेश के विश्वकप से नाम वापस लेने पर उसकी जगह पर स्कॉटलैंड को शामिल किया था। तब पीबीबी ने बांग्लादेश बोर्ड का समर्थन करते हुए कहा कि वह भी विश्वकप से बाहर रह सकता है।

# मनप्रीत सिंह समेत तीन प्लेयर्स पर बड़ी कार्रवाई, प्रो लीग के संभावित खिलाड़ियों की सूची से किया बाहर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम के अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह समेत तीन खिलाड़ियों को प्रो लीग के आगामी सत्र से पहले संभावित खिलाड़ियों की सूची से बाहर के फैसला पर भले ही कइयों को हैरानी हुई हो लेकिन सूत्रों के अनुसार यह फैसला पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे पर ही 'अनुशासनात्मक' कारणों से ले लिया गया था। ऐसी अटकलें लगाई जा रही थी कि किसी भारतीय खिलाड़ी के सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैचों का हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप टिर्की के (412) रिकॉर्ड की बराबरी से रोकने के लिए मनप्रीत को बाहर किया गया है।

मनप्रीत इस रिकॉर्ड से एक मैच दूर हैं। टीम के करीबी सूत्रों ने हालांकि बताया कि मनप्रीत सिंह, दिलप्रीत सिंह और गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक को बाहर करने का फैसला पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे पर ही ले लिया गया था। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका में सात से दस दिसंबर 2025 के बीच दो टेस्ट और एक नुमाइशी मैच खेले थे। सूत्रों ने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका दौरे पर अनुशासनहीनता का एक गंभीर मामला प्रकाश में आया था जब एक खिलाड़ी टीम बैठक से गायब था और बाद में पता चला कि उसे मनप्रीत, दिलप्रीत और पाठक ने कथित तौर पर प्रतिबंधित पदार्थ वाली च्युइंग गम खिलाई थी जिससे वह बेहोश हो गया और पूरी रात उसे संभालना पड़ा। अगली सुबह वह टीम बैठक में भी नहीं जा सका।'

उन्होंने आगे कहा, 'खिलाड़ियों ने अपने साथी खिलाड़ी को प्रतिबंधित पदार्थ खिलाने के लिए बाद में माफी मांगी लेकिन टीम बैठक में तब ही उन्हें आगामी शिविर से बाहर रखने का फैसला सुना दिया गया था।' यह भी पता चला है कि कोच क्रेग फुल्टोन की ओर से घटना की कोई लिखित रिपोर्ट हॉकी इंडिया को नहीं दी गई है। राउरकेला में अगले महीने होने वाले प्रो लीग के आगामी सत्र के लिए हॉकी इंडिया ने गुरुवार को संभावित खिलाड़ियों की सूची जारी की जिसमें कोच ने कहा कि कार्यभार प्रबंधन के लिये कुछ सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है।

राउरकेला में 10 से 15 फरवरी तक होने वाले FIH प्रो लीग मैचों से पहले एक से सात फरवरी तक यह शिविर आयोजित किया जाएगा। मनप्रीत की सह कप्तानी में रांची रॉयल्स टीम हॉकी इंडिया लीग के फाइनल में पहुंची थी और टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन भी काबिले तारीफ रहा जिससे उन्हें बाहर किए जाने को लेकर सवाल उठने लाजमी हैं। वहीं कृशन और दिलप्रीत ॥ढ्ढरु जीतने वाली कलिंगा लांसर्स टीम का हिस्सा थे। दो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता टीमों के सदस्य और 33 वर्षीय पूर्व भारतीय कप्तान मनप्रीत 15 वर्षों में पहली बार शिविर के लिए संभावित खिलाड़ियों की सूची में जगह नहीं बना पाए हैं।

# पीटी उषा के पति वी. श्रीनिवासन का निधन

नई दिल्ली । भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद पीटी उषा के पति वी. श्रीनिवासन का आज सुबह निधन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीनिवासन आज सुबह अपने आवास पर अचानक ही बेहोश हो गये। उन्हें तत्काल करीब के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रधानमंत्री, खेलमंत्री के अलावा भारतीय ओलंपिक संध के अधिकारियों और खिलाड़ियों ने भी श्रीनिवासन के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुख की इस घड़ी में उषा से फोन पर बात कर उन्हें सांत्वना दी। प्रधानमंत्री ने इस अपूरणीय क्षति पर शोक व्यक्त करते हुए परिवार को धैर्य और शक्ति देने की कामना की। गौरतलब है कि 67 साल के श्रीनिवासन केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षाबल (सीआईएसएफ) में उप अधीक्षक रहे थे। इस दंपति का एक बेटा है, जिसका नाम उज्ज्वल है। वहीं केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी श्रीनिवासन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने उषा और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। साथ ही ईश्वर से इस कठिन समय को सहने की शक्ति परिवार देने की प्रार्थना की है। उषा दिग्गज एथलीट रही है। एशियाई खेलों सहित कई अन्य स्पर्धाओं में उन्होंने स्वर्ण पदक जीते हैं।



# वैश्विक रक्षा खर्च रिकॉर्ड स्तर पर, अमेरिका सबसे आगे

**- भारत चौथे स्थान पर है, रक्षा बजट 75 बिलियन डॉलर**

**नई दिल्ली ।**

2025 के आंकड़ों के अनुसार वैश्विक रक्षा खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। 2024 में यह लगभग 2,718 बिलियन डॉलर (2.7 ट्रिलियन यूएसडी) तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9.4 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। इस बढ़ोतरी के मुख्य कारणों में रूस-यूक्रेन युद्ध, मध्य पूर्व में तनाव और यूरोप में सुरक्षा चिंताएं शामिल हैं। अमेरिका सबसे बड़े रक्षा बजट वाला देश है, जिसका खर्च लगभग 895 बिलियन डॉलर है। इसका बड़ा हिस्सा मिसाइल, नौसेना और एयरोस्पेस तकनीक पर लगाया जाता है। चीन दूसरे स्थान पर है, जिसका बजट 266.85 बिलियन डॉलर है और यह आधुनिक हथियार, समुद्री और वायु शक्ति को मजबूत करने पर केंद्रित है। रूस का बजट 126 बिलियन डॉलर है, जिसे यूरोप में अपनी सैन्य प्रभावशीलता बनाए रखने और वायु-समुद्री बलों के लिए रखा गया है। भारत चौथे स्थान पर है, जिसका बजट 75 बिलियन डॉलर है। भारत इसे सैनिक, मिसाइल प्रणालियों, वायु और नौसेना बलों के आधुनिकीकरण में खर्च कर रहा है। कई देशों का रक्षा बजट उनकी जीडीपी का 2 फीसदी से अधिक है। अमेरिका का यह आंकड़ा लगभग 3.4 फीसदी है, जबकि



रूस और सऊदी अरब में यह प्रतिशत और भी अधिक है। यूरोप और मध्य पूर्व के कई देश भी अपनी सुरक्षा चिंताओं के कारण बड़े हिस्से का बजट रक्षा पर लगाते हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि 2026 में कई देशों, विशेषकर भारत, अपने रक्षा बजट को और बढ़ाएंगे। इसका फोकस तकनीकी आधुनिकीकरण, मिसाइल और एयरोस्पेस विकास, और रक्षा निर्यात पर होगा। वैश्विक सुरक्षा चुनौतियाँ और भू-राजनीतिक तनाव आने वाले वर्षों में रक्षा खर्च में वृद्धि को प्रेरित करते रहेंगे।

# महिंद्रा बीई 6 की बैटरी और मोटर को कंपनी ने बताया पूर्ण सुरक्षित



**नई दिल्ली ।**

बीते दिनों उत्तरप्रदेश के कुराना टोल प्लाजा के पास चलती महिंद्रा बीई 6 इलेक्ट्रिक एसयूवी में अचानक आग लग गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कंपनी ने अब इस पर आधिकारिक बयान जारी किया है। महिंद्रा ने बताया कि मौके पर की गई विस्तृत जांच, ऑनबोर्ड सेंसर डेटा और सॉफ्टवेयर डायग्नोस्टिक्स के विश्लेषण के बाद यह स्पष्ट हुआ है कि हाई-वोल्टेज बैटरी और इलेक्ट्रिक मोटर पूरी तरह सुरक्षित थीं और आग लगने का कारण नहीं बनीं। कंपनी के अनुसार, सभी सेफ्टी सिस्टम डिजाइन के अनुरूप काम कर रहे थे, जिससे ड्राइवर और वाहन में सवार सभी लोग बिना किसी चोट के सुरक्षित बाहर निकल सके। जांच में सामने आया कि गाड़ी में टायर के अधिक तापमान का अलर्ट पहले ही जारी हो गया था, जिसके बाद ऑटोमैटिक सेफ्टी फीचर्स सक्रिय हुए। इनमें वाहन की स्पीड कम करना और सिस्टम को कंट्रोल्ड तरीके से बंद करना शामिल था, जिससे गाड़ी सुरक्षित रूप से रुक गई। महिंद्रा के अनुसार, बाहरी गर्मी और तनाव के बावजूद बैटरी को कोई नुकसान नहीं हुआ और उसके सभी हेल्थ पैरामीटर तय सीमा के भीतर पाए गए। कंपनी ने यह भी बताया कि डेटा से संकेत मिला है कि पिछले दाहिने टायर के पूरी तरह पंक्चर होने के बावजूद गाड़ी को करीब 10 मिनट तक लगभग 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलाया गया।

इस दौरान ईएसपी और टीसीएस सिस्टम लगातार व्हील स्पिन को कंट्रोल करने में लगे रहे। टायर और सड़क के बीच बढ़े घर्षण के कारण ज्यादा तापमान पैदा हुआ, जिससे रबर में आग लगी।

महिंद्रा ने दोहराया कि गुणवत्ता और सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मालूम हो कि देश के इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर सेगमेंट में महिंद्रा की मौजूदगी तेजी से मजबूत हुई है, जिसमें उसकी नई फ्यूचरिस्टिक इलेक्ट्रिक एसयूवीएस एक्सईवी 9ई और बीई 6 की अहम भूमिका रही है।

# कच्चे तेल में नरमी से डॉलर के मुकाबले नौ पैसे मजबूत

**- गुरुवार को रुपया 91.99 के स्तर पर बंद हुआ था**

**मुंबई ।**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट का असर शुक्रवार को भारतीय मुद्रा पर दिखाई दिया। शुरुआती कारोबार में रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से संभलते हुए अमेरिकी डॉलर के मुकाबले नौ पैसे मजबूत होकर 91.90 पर पहुंच गया। गुरुवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 91.99 के स्तर पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार रुपये में यह सुधार सीमित रहा। मजबूत डॉलर और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी के कारण भारतीय मुद्रा पर दबाव बना रहा, जिससे रुपये को बड़ी मजबूती नहीं मिल सकी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 91.89 पर खुला और शुरुआती सौदों में 91.87 तक मजबूत हुआ। बाद में यह 91.90 पर कारोबार करता दिखा। इस दौरान छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर इंडेक्स 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 96.48 पर बना रहा, जिसने रुपये की चाल को प्रभावित किया।

# किआ इंस्पायरिंग ड्राइव प्रोग्राम पुनः लॉन्च

**नई दिल्ली ।**

कार निर्माता कंपनी किआ इंडिया ने किआ इंस्पायरिंग ड्राइव (केआईडी) प्रोग्राम पुनः लॉन्च किया है। भारत में सड़क सुरक्षा और जिम्मेदार ड्राइविंग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस पहल की शुरुआत नई किआ सेल्टोस से की गई है और कंपनी आने वाले समय में इसे चरणबद्ध तरीके से अपनी सभी कनेक्टेड कारों में उपलब्ध कराएगी।ग्राहक इस फीचर का इस्तेमाल किआ कनेक्ट ऐप के जरिए कर सकेंगे, जिससे ड्राइविंग से जुड़ी अहम जानकारियां आसानी से मिलेंगी। किआ इंस्पायरिंग ड्राइव प्रोग्राम एक एडवांस ड्राइविंग स्कोर सिस्टम है, जो रियल-टाइम में ड्राइवर की आदतों का विश्लेषण करता है।

यह सिस्टम तेज एक्सेलेरेशन, अचानक ब्रेकिंग और अचानक स्टार्ट जैसी गतिविधियों के आधार पर ड्राइविंग पैटर्न को परखता है और यह बताता है कि ड्राइवर कितनी सुरक्षित और संतुलित तरीके से गाड़ी चला रहा है। खास बात यह है कि केआईडी स्कोर तीन महीने के रोलिंग एवरेज पर आधारित होता है, जिससे किसी एक दिन की ड्राइविंग का असर पूरे स्कोर पर नहीं पड़ता और लंबे समय की ड्राइविंग आदतों की सही तस्वीर सामने आती है। यह प्रोग्राम सिर्फ सेफ्टी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे इंटरैक्टिव और एंगेजिंग भी बनाया गया है।

किआ ग्राहक अपनी ड्राइविंग प्रोग्रेस ट्रैक कर सकते हैं, रैंकिंग हासिल कर सकते हैं और कम्युनिटी लीडरबोर्ड पर अन्य ड्राइवर्स से तुलना कर सकते हैं। इससे सुरक्षित ड्राइविंग को एक तरह का कम्युनिटी अनुभव बनाया गया है, जहां लोग एक-दूसरे से सीखने और बेहतर बनने के लिए प्रेरित होते हैं। किआ इंडिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अतुल सूद ने कहा कि सेफ्टी किआ की फिलॉसफी का अहम हिस्सा है। केआईडी प्रोग्राम ग्राहकों को डेटा-आधारित फीडबैक देकर उन्हें ज्यादा जिम्मेदार और सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रोत्साहित करता है।

# बैंक निफ्टी पर बुलिश दाव, बुल स्प्रेड स्ट्रैटेजी से मुनाफे की उम्मीद

**नई दिल्ली ।** शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच बैंक निफ्टी को लेकर सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा हालात बैंक निफ्टी में आगे और तेजी की ओर इशारा कर रहे हैं। फ्यूचर्स और ऑप्शन डेटा के साथ-साथ तकनीकी चार्ट भी मजबूती दिखा रहे हैं। ट्रेडर्स बुल कॉल स्प्रेड स्ट्रैटजी अपना सकते हैं। इसके तहत 24 फरवरी 2026 की एक्सपायरी वाले 60500 कॉल ऑप्शन को 726 पर खरीदने और 61000 कॉल ऑप्शन को 511 रुपए पर बेचने की सलाह दी गई है। इस रणनीति में प्रति यूनिट 215 रुपए का खर्च आता है। एक लॉट (30 यूनिट) में कुल निवेश करीब 6,450 रुपए बनता है। अगर एक्सपायरी के दिन बैंक निफ्टी 61000 या उससे ऊपर बंद होता है, तो इस ट्रेड से 8,550 रुपए तक का अधिकतम मुनाफा संभव है। इस रणनीति का ब्रेक-ईवन लेवल 60715 रखा गया है। एक्सपर्ट के मुताबिक 1ः1.33 का रिस्क-रिवॉर्ड रेशियो इसे संतुलित बनाता है। इस ट्रेड के लिए करीब 36,000 रुपए के मार्जिन की जरूरत होगी।

# मुनाफा वसूली के कारण सोना-चांदी की जमकर हुई बिकवाली...

**सटोरियों के कारण गड़बड़ाया गणित... बढ़ोत्तरी का बुलबुला अचानक फूट गया ...**

**85,000 सस्ती हुई चांदी, सोना भी धड़ाम**

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी अब सिर्फ जेवर नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बनता जा रहा है। देश ही नहीं बल्कि आम आदमी भी सोना और चांदी में निवेश करने में लगे हुए हैं। लेकिन शुक्रवार को अचानक चांदी और सोने के भाव में तगड़ी गिरावट आई है। चांदी अपने ऑल टाइम हाई से 85000 रुपये गिर चुकी है, जबकि सोने के भाव में 25000 रुपये से ज्यादा की गिरावट आई है। इतनी बड़ी गिरावट तब आई है, जब चांदी 4.20 लाख रुपये और सोना 2 लाख रुपये के करीब पहुंच गए थे। शुकवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर मार्च वायदा के लिए 1 किलो चांदी की कीमत करीब 65000 रुपये गिरकर 3,35,001 रुपये पर पहुंच गई थी, लेकिन गुरुवार की शाम को चांदी कीमत बढक़र 4,20,048 रुपये अपने ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंच गई थी। इस हिसाब से देखें तो 24 घंटे में ही चांदी के भाव में करीब 85,000 रुपये की गिरावट आई है। इसी तरह, सोने की कीमत में भी भारी गिरावट आई है। सोना 29 जनवरी, गुरुवार को अपने रिकॉर्ड स्?तर 1,93,096 रुपये पर था, लेकिन शुक्रवार को यह 16000 रुपये टूटकर 1,67,406 रुपये पर आ गया। यानी 24 घंटे के दौरान सोने में 25,500 रुपये की गिरावट आई है।जानकारों का कहना है कि सोने और चांदी की कीमतों में आया उछाल सामान्य नहीं है। बाजार में हर दिन जिस तरह से कीमतें बढ़ रही हैं, वह केवल मांग या सट्टेबाजी का नतीजा नहीं है। इसके पीछे वैश्विक अर्थव्यवस्था की एक ऐसी करवट है, जो आने वाले समय में हम सब की जेब पर गहरा असर डाल सकती है। यह संकेत है एक बड़े बदलाव का, जिसे आर्थिक विशेषज्ञ डी डॉलराइजेशन का नाम दे रहे हैं। आसान शब्दों में कहें तो दुनिया अब अमेरिकी डॉलर के मोहपाश से मुक्त होने की कोशिश कर रही है। अगर यह ट्रेंड जारी रहा, तो अमेरिका की वह सुपरपावर वाली छवि हमेशा के लिए धूमिल हो सकती है, जो दशकों से डॉलर की ताकत पर टिकी थी। वायदा बाजार में गुरुवार को चांदी ने रिकॉर्ड बनाते हुए 4 लाख रुपये प्रति किलो का आंकड़ा ना सिर्फ पार किया, बल्कि वहां से भी इसमें जबरदस्त उछाल आई थी। चांदी का भाव गुरुवार को 34,000 रुपये चढक़र अपने ऑल टाइम हाई लेवल 4,20,048 रुपये पर पहुंच गई थी। इसी तरह, वायद बाजार 29 जनवरी को सोना 16000 रुपये चढक़र अपने रिकॉर्ड हाई लेवल 1,93,096 रुपये पर पहुंच गया था। हालांकि अब इन दोनों कीमती धातुओं में तगड़ी गिरावट आई है।

मुनाफावसूली के कारण गिरावट

एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह मुनाफावसूली है, क्योंकि कई दिनों से सोने और चांदी के भाव तेजी देखी जा रही थी और इनकी कीमतें हर दिन रिकॉर्ड स्तर बना रही थीं। चांदी ने तो कुछ ही हफ्ते में 3 लाख रुपये से 4 लाख रुपये का लेवल पार कर लिया था। वहीं सोने ने भी खूब तेजी दिखाई है। ऐसे में अपने प्रॉफिट को बचाने के लिए निवेशक मुनाफावसूली कर रहे हैं । कुछ एक्सपर्ट्स का तो यह भी कहना है कि सोने और चांदी में जैसे ही बिकवाली हावी हुई वैसे ही शॉर्ट सेलर एंटर हो गए और ट्रेडिंग के दौरान सिल्वर को शॉर्ट किया, जिस कारण इसके दाम में भारी गिरावट आई है।

# रुपया बढ़त पर बंद




**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ ही के साथ ही 91.96 रुपये पर बंद हुआ। वहीं आज सुबह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट का असर भारतीय मुद्रा पर दिखाई दिया। शुरुआती कारोबार में रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से संभलते हुए अमेरिकी डॉलर के मुकाबले नौ पैसे मजबूत होकर 91.90 पर पहुंच गया। गुरुवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 91.99 के स्तर पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार रुपये में यह सुधार सीमित रहा। मजबूत डॉलर और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी के कारण भारतीय मुद्रा पर दबाव बना रहा, जिससे रुपये को बड़ी मजबूती नहीं मिल सकी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 91.89 पर खुला और शुरुआती सौदों में 91.87 तक मजबूत हुआ। बाद में यह 91.90 पर कारोबार करता दिखा। इस दौरान छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर इंडेक्स 0.36 फीसदी की बढ़त के साथ 96.48 पर बना रहा, जिसने रुपये की चाल को प्रभावित किया।

# फेसबुक इंडिया का 2024-25 का लाभ बढ़कर 647 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली ।** फेसबुक इंडिया ने मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में एकल आधार पर लगभग 647.45 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया, जो सालाना आधार पर 28 प्रतिशत अधिक है। टोफलर ने कंपनी द्वारा शेयर बाजार को दी सूचना के आधार पर यह जानकारी दी। फेसबुक इंडिया ने एक साल पहले 504.93 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया था। इस दौरान उसका परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 3,792.91 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने कहा` कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी का कुल खर्च 2,881 करोड़ रुपये बताया गया है। मेटा के स्वामित्व वाली फेसबुक इंडिया ऑनलाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का कर्मचारी खर्च समीक्षाधीन अवधि में 36 प्रतिशत बढ़कर 648.57 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 476 करोड़ रुपये था। कंपनी का कर व्यय वित्त वर्ष 2023-24 के 209.2 करोड़ रुपये से 46 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 305.18 करोड़ रुपये हो गया।

# ईयू के साथ एफटीए से भारतीय निर्यातकों को मिलेगा बड़ा बाजारः मूडीज

**- भारतीय निर्यातकों को बड़े और स्थिर बाजार तक पहुंच मिलेगी**




**नई दिल्ली ।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की घोषणा 27 जनवरी को की गई। इसे इस साल हस्ताक्षरित और लागू किए जाने की संभावना है। यह समझौता दोनों पक्षों के लिए व्यापारिक अवसरों को बढ़ाने और आर्थिक सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कहा कि यह समझौता भारत के व्यापारिक संबंधों को विविध बनाने में मदद करेगा। अमेरिका द्वारा बढ़ाए गए शुल्क और व्यापारिक अस्थिरता के बीच भारतीय निर्यातकों को बड़े और स्थिर बाजार तक पहुंच मिलेगी। इससे भारत की वैश्विक व्यापार रणनीति को मजबूती मिलेगी। मूडीज ने यह भी कहा कि यूरोपीय संघ के लिए यह समझौता तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार तक पहुंच बढ़ाने में सहायक होगा। एफटीए लागू होने के बाद व्यापार की मात्रा बढ़ेगी, व्यापार प्रवाह में विविधता आएगी और स्थिर बाजार उपलब्ध होंगे। इस समझौते से दोनों पक्षों की आर्थिक साख मजबूत होगी और वैश्विक व्यापार में उनकी स्थिति बेहतर होगी।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 296, निफ्टी 98 अंक गिरा**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 296.59 अंक टूटकर 82,269.78 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 98.25 अंक फिसलकर 25,320.65 पर बंद हुआ। आज सबसे अधिक गिरावट धातु शेयरों में रही। निफ्टी मेटल इंडेक्स 5.21 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। निफ्टी कमोडिटीज 2.13 फीसदी, निफ्टी आईटी 1.03 फीसदी, निफ्टी पीएसई 0.90 फीसदी और निफ्टी सर्विसेज 0.64 फीसदी की गिरावट पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर निफ्टी मीडिया 1.85 फीसदी, निफ्टी इंडिया डिफेंस 1.43 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी 1.37 फीसदी, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.08 फीसदी, निफ्टी रियल्टी 0.84 फीसदी, निफ्टी ऑटो 0.73 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। वहीं लार्जकैप की जगह पर मिडकैप और स्मॉलकैप में मिश्रित कारोबार हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 109 अंक या 0.19 फीसदी की कमजोरी के साथ 58,432 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 54.10 अंक या 0.32 फीसदी बढ़त के साथ ही 16,879.10 पर था।

सेंसेक्स पैक में एमएंडएम, एसबीआई, आईटीसी, बीईएल, एचयूएल, टाइटन, मारुति सुजुकी, एशिनय पेंट्स, एक्सिस बैंक, सन फार्मा और अदाणी पोर्ट्स के शेयरों को लाभ हुआ जबकि टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा




बैंक, ट्रेंट और टीसीएस के शेयर नीचे आये। बाजार जानकारों के अनुसार आम बजट से पहले भारतीय बाजार में ये उतार-चढ़ाव धातु शेयरों में बिकवाली हावी होने से आई है। इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुले। बीएसई सेंसेक्स 500 से ज्यादा अंकों की गिरावट के साथ 81,947 अंक पर खुला। वहीं निफ्टी भी कमजोर शुरुआत के साथ ही 25,247 अंक पर खुलने के बाद 138.05 अंक गिरकर 25,280 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। निवेशक आगामी केंद्रीय बजट 2026 को लेकर फिलहाल सतर्क नजर आये । वित्त मंत्री 1 फरवरी, रविवार को बजट पेश करेंगी। बजट से पहले अनिश्चितता के माहौल में निवेशक जोखिम लेने से बचते दिखे, जिसका असर बाजार पर साफ नजर आया। वहीं एशियाई शेयर बाजारों में मजबूती आई है। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.25 फीसदी, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.05 फीसदी और ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 इंडेक्स 0.20 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार करता दिखा। दूसरी ओर अमेरिकी बाजार में मिलाजुला कारोबार रहा।

# गोदरेज प्रॉपर्टीज ने 2,000 करोड़ की पुणे में जमीन खरीदी




**नई दिल्ली ।** रियल्टी फर्म गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उसने पुणे में लगभग 2,000 करोड़ रुपये के अनुमानित राजस्व वाली आवास परियोजना के निर्माण के लिए 8.5 एकड़ भूमि खरीदी है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसने पुणे के महालुंगे में सीधे खरीद के माध्यम से 8.5 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है। कंपनी ने कहा कि प्रस्तावित विकास में मुख्य रूप से समूह आवास परियोजना शामिल होगी और इसमें लगभग 21 लाख वर्ग फुट की विकास क्षमता होने की उम्मीद है। इसकी अनुमानित राजस्व क्षमता 2,000 करोड़ रुपये होगी। गोदरेज प्रॉपर्टीज के एक अधिकारी ने कहा कि पुणे भारत के सबसे जीवंत शहरी केंद्रों में एक है, जो मजबूत बुनियादी ढांचे के विकास और तेजी से बढ़ते वाणिज्यिक केंद्रों से प्रेरित है।

# भारत का बजट अब सिर्फ घरेलू दस्तावेज नहीं! न्यूयॉर्क से लंदन तक दिखेगा असर

**आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक का अनुमान, भारत की विकास दर 2026-27 में 6.5-7 फीसदी रहेगी**

**नई दिल्ली ।**

दुनिया युद्ध, महंगाई और उच्च ब्याज दरों जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है। अमेरिका और यूरोप में ब्याज दरें ऊंची हैं, चीन की अर्थव्यवस्था सुस्त है, और पश्चिम एशिया व यूक्रेन में संघर्ष जारी है।

ऐसे माहौल में भारत का बजट सिर्फ घरेलू दस्तावेज नहीं, बल्कि वैश्विक निवेशकों और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के लिए स्थिरता का संकेतक बन गया है। आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक का अनुमान है कि भारत 2026 -27 में 6.5-7 फीसदी की विकास दर बनाए रख सकता है। ये एजेंसियां विशेष रूप से राजकोषीय घाटा, पूंजीगत व्यय, रक्षा और सामाजिक योजनाओं पर ध्यान दे रही हैं।

विदेशी निवेशक भी यह देख रहे हैं कि भारत कैसे निवेश-अनुकूल माहौल बनाए रखता है, खासकर इंफ्रास्ट्रक्चर, सेमीकंडक्टर, रक्षा उत्पादन और ग्रीन एनर्जी में। विशेषज्ञों का कहना है कि संतुलित बजट पेश करना भारत के लिए वैश्विक स्थिरता का संदेश होगा। यदि राजकोषीय अनुशासन बनाए रखते हुए विकास पर खर्च बढ़ाया गया, तो भारत न केवल अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, बल्कि एशिया, अफ्रीका और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक मॉडल भी बनेगा। वहीं आईएमएफ ने चेतावनी दी है कि




तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक तनाव अभी भी भारत के लिए जोखिम बने रहेंगे। भारत का बजट अब घरेलू योजना से आगे बढ़कर वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए संकेतक बन गया है।

# इंडिया पावर कॉरपोरेशन भूटान में 70 मेगावाट की सौर परियोजना विकसित करेगी

**कोलकाता ।**

इंडिया पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईपीसीएल) ने शुक्रवार को कहा कि भूटान के पारो जिले में 70 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना विकसित करने के लिए पड़ोसी देश की ग्रीन एनर्जी पावर प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह परियोजना उसकी अगले पांच वर्षों में भूटान में 1.5 गीगावाट सौर क्षमता जोड़ने की योजना का हिस्सा है। इसमें कहा गया कि भूटान की बिजली मांग अगले दो वर्षों में दोगुनी से अधिक होने की उम्मीद है, जिसका मुख्य कारण गेलेफू माइंडफुल सिटी जैसी परियोजनाएं, फेरोसिलिकॉन सहित ऊर्जा-गहन उद्योगों का विस्तार और डिजिटल बुनियादी ढांचे तथा क्रिप्टो-माइनिंग गतिविधियों से बढ़ती मांग है। भूटान के ऊर्जा उत्पादन में जलविद्युत का दबदबा कायम है, लेकिन देश ने 2034 तक 25,000 मेगावाट स्थापित बिजली क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है, जिसमें 5,000 मेगावाट की सौर ऊर्जा क्षमता शामिल है। आईपीसीएल के अनुसार तकनीकी मानकों के प्रारंभिक मूल्यांकन के बाद पारो में तेनचुका का चयन किया गया था।

## मनोरंजन जगत में श्रिया सरन के 25 साल पूरे, साझा किए अनुभव



मनोरंजन जगत में जानी-मानी अभिनेत्री श्रिया सरन ने अपने 25 साल पूरे कर लिए हैं। अभिनेत्री ने इतने लंबे करियर में इंडस्ट्री में आए कई बड़े बदलावों को महसूस किया है। श्रिया सरन ने इस मौके पर अपने सफर, तकनीकी बदलावों और आज के दौर की चुनौतियों पर खुलकर बात की। श्रिया ने बताया कि जब उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की थी, तब फिल्म सेट्स का माहौल आज से बिल्कुल अलग था। उस समय इस्तेमाल होने वाली लाइट्स बेहद तेज होती थीं, जो आंखों को चुभती थीं और कई बार कलाकारों के लिए असहज स्थिति पैदा कर देती थीं। कैमरे भारी हुआ करते थे और तकनीक भी सीमित थी। शूटिंग के दौरान कलाकारों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता था और कैमरे की आवाज सुनकर ही यह अंदाजा लगता था कि सीन शुरू हो चुका है। उस दौर में काम करना ज्यादा मेहनत और धैर्य की मांग करता था। उन्होंने कहा कि आज तकनीक ने फिल्म इंडस्ट्री को पूरी तरह बदल दिया है। अब सॉफ्ट लाइट्स का इस्तेमाल होता है, जिससे आंखों पर दबाव नहीं पड़ता।

कैमरे पहले से कहीं ज्यादा हल्के और एडवांस हो गए हैं, जिससे शूटिंग न सिर्फ आसान बल्कि तेज भी हो गई है। इन बदलावों का सबसे बड़ा फायदा यह हुआ है कि कलाकार अब तकनीकी परेशानियों से हटकर अपने अभिनय पर ज्यादा ध्यान दे पाते हैं और काम का माहौल भी पहले से ज्यादा आरामदायक हो गया है। श्रिया सरन ने इंडस्ट्री के वर्किंग सिस्टम में आए बदलावों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि पहले कलाकारों को केवल एक मैनेजर के जरिए काम संभालना पड़ता था, लेकिन अब एजेंसियों का दौर है। आज कलाकारों को कई लोगों से तालमेल बैठाना पड़ता है। नई पीढ़ी के लोग नई सोच और नई जानकारी के साथ आते हैं, जो पुरानी पीढ़ी के लिए भी सीखने का मौका होती है। ऐसे में समय के साथ खुद को बदलना और नई चीजों को अपनाना बेहद जरूरी हो गया है। अपने 25 साल के करियर के उतार-चढ़ाव को याद करते हुए श्रिया ने कहा कि इतने लंबे सफर में भावनात्मक रूप से कई तरह के दौर आते हैं। कभी सब कुछ अच्छा लगता है, तो कभी इंसान खुद को अकेला और कमजोर महसूस करता है। ऐसे समय में अपने आसपास सही और सकारात्मक लोगों का होना बहुत जरूरी होता है, जो आपको संभालें और आगे बढ़ने की ताकत दें।

## माही विज फिर चर्चा में

टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस माही विज एक बार फिर चर्चा में हैं, लेकिन इस बार वजह उनकी कोई नई सीरीज़ या शो नहीं, बल्कि अपनी बेटी तारा के लिए किया गया खास तोहफा है। पति और अभिनेता जय भानुशाली से तलाक के बाद माही ने जिस मजबूती और आत्मनिर्भरता के साथ अपनी जिंदगी को आगे बढ़ाया है, वह कई महिलाओं के लिए मिसाल बन चुकी है। तलाक के बाद माही को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हर आलोचना का जवाब अपनी उपलब्धियों से दिया। पहले खुद के लिए नई कार खरीदी, फिर अपने नए घर की झलक फैंस के साथ साझा की और अब उन्होंने अपनी नन्हीं बेटी तारा को करीब 50 लाख रुपये की लग्जरी मिनी कूपर कार गिफ्ट कर सबका ध्यान खींच लिया है। बताया जा रहा है कि यह कार तारा का सपना थी, जिसे माही ने पूरा किया। सोशल मीडिया पर कार के साथ तस्वीरें वायरल होते ही फैंस माही की जमकर तारीफ कर रहे हैं। कई यूजर्स ने उन्हें 'स्ट्रॉन्ग सिंगल मदर' और 'इंस्पिरेशन' बताया।



## रानी ने कहा था, मेहनत करेंगे तो बहुत आगे जाएंगे: रणबीर कपूर



**पूरा** भारतीय फिल्म उद्योग एकजुटता के साथ अभिनेत्री रानी मुखर्जी के सिनेमा में 30 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है। यह जश्न रानी की चर्चित और दमदार फ्रेंचाइज़ी 'मर्दानी' की तीसरी फिल्म 'मर्दानी 3' के साथ मनाया जा रहा है, जो इन दिनों जबरदस्त चर्चा में है। इस जश्न में शामिल होकर रणबीर कपूर को भी बेहद खुशी और गर्व महसूस हो रहा है। रणबीर और रानी का रिश्ता सिर्फ सह-कलाकारों का नहीं, बल्कि सम्मान, प्रेरणा और भरोसे से भरा रहा है। रानी, रणबीर कपूर की डेब्यू फिल्म 'सांवरिया' में उनकी को-स्टार थीं और करियर की शुरुआत में उन्होंने रणबीर को जो आत्मविश्वास दिया, उसे वह आज भी नहीं भूले हैं। रणबीर कपूर ने रानी मुखर्जी को याद करते हुए कहा कि 'सांवरिया' के दौरान रानी पहली शख्स थीं जिन्होंने उनसे कहा था कि अगर वह मेहनत करेंगे तो बहुत आगे जाएंगे।

रणबीर के मुताबिक, उस समय जब उन्हें सबसे ज्यादा सहारे और भरोसे की जरूरत थी, रानी के शब्दों ने उन्हें भीतर से मजबूत बनाया। उन्होंने कहा कि वह रानी को सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेत्री के तौर पर ही नहीं, बल्कि एक इंसान के रूप में भी बहुत करीब से जानते हैं। उनकी गरिमा, आकर्षण और अभिनय प्रतिभा ने उन्हें हमेशा प्रभावित किया है। रणबीर का मानना है कि रानी मुखर्जी भारतीय सिनेमा की उन चुनिंदा अभिनेत्रियों में से हैं, जिन्हें पीढ़ियां याद रखेंगी।

उन्होंने कहा कि रानी की 30 साल की आइकॉनिक विरासत का जश्न मनाने के लिए पूरे इंडस्ट्री का एक साथ आना वाकई खास है। रानी ने अपने किरदारों और फिल्मों के चयन से न सिर्फ खुद को अलग पहचान दी, बल्कि स्क्रीन पर महिलाओं को दिखाने का नजरिया भी बदला है। रणबीर ने यह भी कहा कि रानी का सिनेमा हमेशा लोगों को खुशी देने और समाज को कुछ सोचने पर मजबूर करने वाला रहा है। इस बीच, रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' ने इंटरनेट पर तहलका मचा रखा है। यह फिल्म महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दे को फिर से मजबूती से उठाती है। इस बार कहानी देशभर में कम आय वर्ग से आने वाली 8-9 साल की मासूम बच्चियों के अपहरण के भयावह सच को सामने लाएगी।

## अपनी सेहत को लेकर मजेदार किस्सा सुनाया ऋतिक रोशन ने



हाल ही में बॉलीवुड फिल्म निर्माता गोल्डी बहल की बर्थडे पार्टी में बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन को बैसाखी के सहारे चलते देखा गया था, जिसके बाद फैंस उनकी सेहत को लेकर चिंतित हो गए थे। अब अभिनेता ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसकी वजह साफ कर दी है। ऋतिक ने बताया कि उनके बाएं घुटने में अचानक दर्द उभर आया, जिससे चलने-फिरने में दिक्कत होने लगी। उन्होंने लिखा कि उनके शरीर के हर हिस्से में जैसे कोई 'ऑन/ऑफ' बटन लगा हो। कभी बायां पैर जवाब दे देता है, तो कभी कंधा या दायां टखना अचानक काम करने से मना कर देता है। ऋतिक ने इसे सिर्फ शारीरिक नहीं, बल्कि एक तरह की मनोदशा भी बताया। अपने खास अंदाज में उन्होंने लिखा, 'कभी मेरे बाएं पैर को बैसाखी की जरूरत पड़ती है, तो कभी बायां कंधा और दायां टखना एक्टिव हो जाते हैं या अचानक बंद हो जाते हैं। लगता है मेरे शरीर के हर हिस्से की अपनी अलग ही मर्जी है।' ऋतिक ने अपनी हालिया शूटिंग से जुड़ा एक मजेदार किस्सा भी शेयर किया। उन्होंने बताया कि एक गंभीर सीन के दौरान उनका डायलॉग था 'क्या आप डिनर के लिए घर आना चाहेंगे?' लेकिन उनकी जुबान 'डिनर' शब्द बोलने से मना कर रही थी। ऐसे में उन्होंने हर टेक में चतुराई से 'डिनर' की जगह 'लंच' कहना शुरू कर दिया, क्योंकि शुक्र था कि 'लंच' शब्द अभी भी बोला जा सकता था।

उन्होंने आगे लिखा कि पहली बार गलत शब्द निकलने पर हैरानी हुई, लेकिन जब वही गलती दोबारा हो गई तो उन्होंने सलमान खान स्टाइल में हाथ उठाकर रीटेक का इशारा किया, ताकि इसे महज एक छोटी सी चूक साबित किया जा सके। ऋतिक ने अपनी इन शारीरिक परेशानियों को हल्के-फुल्के और आत्मस्वीकृति वाले अंदाज में पेश किया, जिससे फैंस भी राहत महसूस कर रहे हैं। गौरतलब है कि बीते शनिवार को बैसाखी के सहारे चलते हुए उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद से ही उनके चाहने वाले परेशान थे। बता दें कि ऋतिक रोशन अक्सर सोशल मीडिया पर फैंस से खुलकर जुड़ते हैं। इस बार उन्होंने अपनी सेहत से जुड़ी परेशानियों को ईमानदारी और मजाकिया अंदाज में साझा किया है।

## सोहा अली ने जताया पति पर प्यार



बॉलीवुड के सबसे सादगी भरे और पसंदीदा कपल्स में शुमार सोहा अली खान और कुणाल खेमू आज अपनी शादी की 11वीं सालगिरह मना रहे हैं। इस खास मौके पर सोहा अली खान ने अपने पति कुणाल खेमू के लिए एक भावुक और प्यार से भरा पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसने फैंस का दिल जीत लिया है। सोहा ने अपनी शादी के सफर को याद करते हुए लिखा कि कुणाल से शादी करना उनके जीवन का सबसे अच्छा फैसला रहा है। उन्होंने पति के साथ बिताए पलों, दोस्ती, समझ और सपोर्ट को अपने रिश्ते की सबसे बड़ी ताकत बताया। पोस्ट के साथ शेयर की गई तस्वीरों में कपल की शानदार केमिस्ट्री साफ झलक रही है। सोहा और कुणाल ने 25 जनवरी 2015 को शादी की थी। शादी के बाद दोनों ने न सिर्फ अपने प्रोफेशनल करियर में संतुलन बनाए रखा, बल्कि अपनी पर्सनल लाइफ को भी हमेशा लाइमलाइट से दूर और सादगी से जिया। दोनों एक बेटी इनाया के माता-पिता हैं और अक्सर फैमिली मोमेंट्स सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं। सोहा के इस पोस्ट पर फैंस और सेलेब्स जमकर प्यार लुटा रहे हैं। कई लोगों ने कपल को 'रियल रिलेशनशिप गोल्स' बताया है।

## 'बॉर्डर 2' देखने का अमीषा पटेल को बेसब्री है इंतजार



हाल ही में अभिनेत्री अमीषा पटेल ने 'बॉर्डर 2' को लेकर अपनी खुशी और उत्साह जाहिर किया। उन्होंने कहा कि फिल्म को लेकर वह बेहद उत्साहित हैं और खास तौर पर तारा सिंह जैसे आइकॉनिक किरदार की झलक देखकर उन्हें काफी रोमांच महसूस हो रहा है। अमीषा ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी समेत सभी कलाकारों ने शानदार काम किया होगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह फिल्म और उसके गानों को बड़े पर्दे पर महसूस करने के लिए बेसब्री से इंतज़ार कर रही हैं। फिल्म की तुलना को लेकर अमीषा पटेल ने साफ राय रखी। उन्होंने कहा कि उन्होंने अभी तक 'बॉर्डर 2' नहीं देखी है, लेकिन 1997 की 'बॉर्डर' जरूर देखी है। इसके बावजूद जिस तरह से दर्शक इस नई फिल्म को पसंद कर रहे हैं, उससे साफ है कि पूरी टीम ने बेहतरीन काम किया है। उन्होंने 'गदर' और 'गदर 2' का उदाहरण देते हुए कहा कि शुरुआत में दोनों फिल्मों की तुलना हुई थी, लेकिन 'गदर 2' की सफलता के बाद सभी ने माना कि वह अपने आप में एक अलग और शानदार फिल्म है।

अमीषा के मुताबिक फिल्मों की तुलना करना सही नहीं होता, क्योंकि इससे गलत धारणाएं बनती हैं और हर फिल्म को अपनी पहचान के साथ देखा जाना चाहिए। अनुराग सिंह के निर्देशन में बनी 'बॉर्डर 2' में नई कहानियों और नए चेहरों को शामिल किया गया है। फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भारतीय सेना के जवानों के किरदार में नज़र आ रहे हैं, जबकि मोना सिंह, सोनम बाजवा, मेधा राणा और अन्या सिंह अहम भूमिकाओं में दिखाई दे रही हैं। 23 जनवरी को रिलीज़ हुई इस फिल्म के गाने भी दर्शकों के बीच खासे लोकप्रिय हो रहे हैं और उन्हें नॉस्टेल्जिया का एहसास दिला रहे हैं। 'बॉर्डर 2' को गुलशन कुमार और टी-सीरीज के बैनर तले बनाया गया है।

फिल्म के निर्माता भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता हैं। बता दें कि सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के बाद फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छी कमाई कर रही है और दर्शकों का दिल जीतने में भी सफल साबित हो रही है। 1997 में आई सुपरहिट और यादगार फिल्म 'बॉर्डर' की इस सीक्वल ने न सिर्फ पुरानी यादों को ताज़ा किया है, बल्कि नई पीढ़ी के दर्शकों को भी देशभक्ति के जज़्बे से जोड़ दिया है। आम दर्शकों से लेकर फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोग तक, हर तरफ फिल्म की चर्चा और तारीफ हो रही है।

## फिटनेस का शानदार नमूना पेश किया अक्षरा सिंह ने



अपनी फिटनेस और मेहनत का भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने फिर शानदार नमूना पेश किया है। अभिनेत्री अपनी फिटनेस को लेकर बेहद गंभीर हैं और नियमित रूप से जिम में एक्सरसाइज करती हैं। उन्होंने अपनी कुछ नई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं, जिनमें वे अपनी टोंड और फिट बॉडी फ्लॉन्ट करती नजर आईं। उनकी यह फिटनेस जर्नी फैंस के लिए मोटिवेशन का स्रोत बनी हुई है। इस बार भी उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वे लटकते हुए पुल-अप्स और हैंगिंग लेग रेज करती दिख रही हैं। कुछ तस्वीरों में वे ओपन जिम में एक्सरसाइज करती दिख रही हैं, तो कुछ में उनके मजबूत आर्म्स, टाइट एब्स और संपूर्ण फिट बॉडी साफ नजर आ रही है। स्पोर्ट्सवियर में उनका लुक एनर्जेटिक और आकर्षक लग रहा है। तस्वीरों को देखकर फैंस अंदाजा लगा सकते हैं कि अक्षरा फिटनेस को कितनी गंभीरता से लेती हैं। पोस्ट में उन्होंने सिर्फ एक इमोजी का इस्तेमाल किया है, लेकिन फैंस कमेंट सेक्शन में उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। अक्षरा सिंह ने सत्यमेव जयते से डेब्यू किया था और इसके बाद उन्होंने भोजपुरी सिनेमा में कई हिट फिल्में दी हैं, जिनमें सत्या, सरकार राज, मां तुझे सलाम, धड़कन, तबादला, सत्य, प्रेम विवाह, साथिया, दिलेर, सौगंध गंगा मैया के शामिल हैं। इसके अलावा वे टीवी शो बिग बॉस ओटीटी, सर्विस वाली बहू, पोरस और काला टीका में भी नजर आ चुकी हैं। अभिनेत्री जल्द ही निरहुआ के साथ फिल्म सात फेरे चार वचन और अम्बे है मेरी मां में दिखाई देंगी। दोनों फिल्मों की शूटिंग पूरी हो चुकी है और अब ट्रेलर रिलीज का इंतजार है।



## हिंदी सिनेमा अपनी जड़ों से हो गया है दूर: प्रकाश राज

नेशनल अवॉर्ड विनर प्रकाश राज एक बार फिर से अपने बयान को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं। उनका मानना है कि मेनस्ट्रीम हिंदी सिनेमा अपनी जड़ों से दूर हो गया है, और ज्यादा से ज्यादा नकली और पैसे पर फोकस हो गया है। प्रकाश ने हिंदी सिनेमा की खुलकर आलोचना की। रिपोर्ट के अनुसार, प्रकाश ने कहा, अभी के समय में, मुझे लगता है कि मलयालम और तमिल सिनेमा बहुत अच्छी फिल्में बना रहे हैं... दूसरी ओर, हिंदी सिनेमा अपनी जड़ों से भटक गया है। सब कुछ सुंदर, शानदार, प्लास्टिक जैसा दिखता है, जैसा कि आप मैडम तुसाद म्यूजियम में देखते हैं। हमारे (साउथ सिनेमा) पास अभी भी दिखाने के लिए कहानियां हैं; तमिल के नए युवा डायरेक्टर दलित मुद्दों पर बात कर रहे हैं और इससे बहुत उम्मीद मिलती है। इंडस्ट्री ने दर्शकों के साथ अपना कनेक्शन खो दिया है।

प्रकाश राज ने आगे कहा, मल्टीप्लेक्स आने के बाद, बॉम्बे फिल्म इंडस्ट्री सिर्फ मल्टीप्लेक्स के लिए फिल्में बनाने लगी, क्योंकि वे अच्छा चल रही थीं। वे उस पेज 3 कल्चर में चले गए, और इसके साथ ही ग्रामीण राजस्थान और बिहार से उनका कनेक्शन खत्म हो गया... आज, सब कुछ पैसे और दिखावे के बारे में है -- रील्स, पेज 3 कवरेज, और जोरदार सेल्फ-प्रमोशन। मुझे लगता है कि इस चक्कर में इंडस्ट्री ने दर्शकों के साथ अपना कनेक्शन खो दिया है। बता दें कि प्रकाश राज आखिरी बार हिंदी फिल्म तेरे इश्क में में दिखे थे। इस मूवी में उनके साथ धनुष और कृति सेनन लीड रोल में थे। इस मूवी में उन्होंने धनुष के पिता का किरदार निभाया था।

प्रकाश राज अब जल्द ही पॉलिटिकल एक्शन ड्रामा जना नायकन में नजर आएंगे। यह एक्टर के तौर पर विजय की आखिरी फिल्म होगी। प्रकाश राज हिंदी के अलावा कन्नड़, तमिल, मलयालम, इंग्लिश और मराठी फिल्मों के लिए काम करते हैं। वो 5 बार नेशनल अवॉर्ड जीत चुके हैं। उन्होंने अपने करियर में 400 से ज्यादा फिल्में की हैं। एक्टर प्रकाश राज ने साउथ से लेकर बॉलीवुड तक अपनी एक्टिंग का दम दिखाया। प्रकाश अपनी शानदार फिल्मों जैसे सिंघम, दबंग 2 और वांटेड के लिए जाने जाते हैं। प्रकाश अपने बेबाक बयानों के लिए भी जाने जाते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in